Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 245 | शनिवार, 06 सितंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## सेवा पखवाड़ा अभियान में सीएम योगी बोले

# आमजन के विश्वास का हिस्सा हैं भाजपा कार्यकर्ता, कार्यक्रमों पर की चर्चा



**लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के सेवा पखवाड़ा अभियान में आयोजित कार्यशाला में लोकल फॉर वोकल पर चर्चा की और कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा के कार्यक्रम स्वयं के लिए नहीं, बल्कि नेशन फर्स्ट के भाव के साथ होते हैं। भाजपा कार्यकर्ता आम जनता के विश्वास का हिस्सा हैं। ये पार्टी के संस्थापकों के राष्ट्र प्रथम के भाव को जीवन का मिशन मानकर काम करते हैं। हमारे कार्यकर्ता जब इसे अभियान मानकर बढ़ते हैं तो वे आमजन का विश्वास का हिस्सा बनते हैं। सीएम इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में भाजपा के सेवा पखवाड़ा अभियान कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। सेवा पखवाड़ा अभियान (17 सितंबर से दो अक्तूबर) के दौरान होने वाले कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए सीएम ने सभी कार्यक्रमों के सफल आयोजन को लेकर पहले उत्साहवर्धन किया, फिर अपील किया कि दो अक्तूबर को विजयादशमी भी है। यह सभी कार्यक्रम भी अच्छे से हों और पर्व-त्योहार भी आसानी से मनाए जाएं। उन्होंने वोकल फॉर लोकल को हस्तशिल्पियों का सम्मान बताया। उन्होंने कहा, इसने यूपी के एक्सपोर्ट को कई गुना बढ़ाया है। यह आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा।

### मेहनत से आएगा बीमारियों से लड़ने का सामर्थ्य

सीएम ने भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या से मुखातिब होते हुए कहा कि यूपी में युवा मोर्चा के कार्यकताओं की लंबी फौज है। हर अभियान में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता जी जान से लगे रहते हैं। उन्होंने 17 नगर निगम व गौतमबुद्ध नगर में नमो मैराथन कार्यक्रम में तेजस्वी सूर्या को भी आमंत्रित किया और मैराथन में 10 हजार से अधिक युवाओं को हिस्सा बनाने की अपील की। सीएम ने स्वास्थ्य के प्रति आमजन को जागरूक करने की अपील की और मंत्र दिया कि जितनी मेहनत करेंगे, बीमारियों से उतना ही लड़ने का सामर्थ्य रखेंगे।

## सार संक्षेप

### जगदीप धनखड़ की पूर्व विधायक के तौर पर पेंशन मंजूर



**जयपुर।**

पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को राजस्थान विधानसभा सचिवालय ने पूर्व विधायक के तौर पर पेंशन मंजूर कर दी है। धनखड़ ने अगस्त के अंतिम सप्ताह में पेंशन के लिए सचिवालय में आवेदन दिया था। उन्हें उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा मंजूर होने के बाद की तारीख से पेंशन और अन्य सुविधाएं मिलेंगी। पूर्व विधायक को प्रतिमाह 35 हजार रुपये प्रति माह पेंशन मिलती है लेकिन 75 साल से अधिक उम्र के पूर्व विधायकों को 20 फीसद ज्यादा पेंशन मिलती है। ऐसे में धनखड़ को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्हें करीब 42 हजार रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। धनखड़ वर्ष 1993 से 1998 तक किशनगढ़ विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक रहे हैं। पूर्व विधायक के तौर पर उन्हें जुलाई 2019 तक पेंशन मिली थी। लेकिन फिर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल बनने के बाद उनकी पेंशन बंद हो गई थी। अब उपराष्ट्रपति पद से हटने के बाद धनखड़ ने पूर्व विधायक को मिलने वाली पेंशन के लिए आवेदन किया था, जिसे मंजूरी दी गई है। वे एक बार विधायक रहे हैं। पूर्व विधायक को निश्शुल्क उपचार, रोड़वेज की बसों में मुफ्त यात्रा, विदेश यात्रा के लिए हर साल एक लाख रुपये मिलते हैं। पूर्व विधायक के निधन पर पत्नी को भी पेंशन मिलती है। धनखड़ को उपराष्ट्रपति, पूर्व सांसद और पूर्व विधायक की पेंशन मिलेगी। पूर्व राज्यपाल को पेंशन नहीं मिलती है। बता दें कि धनखड़ झुंझुनूं संसदीय सीट से सांसद रहे हैं।


### ब्रिक्स वर्चुअल शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे जयशंकर



**नई दिल्ली।**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि ब्रिक्स के ब्राजीली अध्यक्ष ने 8 सितंबर को एक वर्चुअल बैठक बुलाई है। हमारी ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर इस बैठक में हिस्सा लेंगे। यह ब्रिक्स शिखर सम्मेलन नेताओं के स्तर का है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ब्रिक्स समूह के एक वर्चुअल शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसे ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा ने सोमवार को व्यापार और टैरिफ पर अमेरिका की नीतियों से उत्पन्न व्यापार व्यवधानों पर चर्चा के लिए बुलाया है। शिखर सम्मेलन का उद्देश्य अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के टैरिफ विवाद से निपटने के लिए एक साझा दृष्टिकोण तैयार करना है।

## अफगानिस्तान में 5.0 तीव्रता का भूकंप



**नई दिल्ली।**

अफगानिस्तान में एक बार फिर धरती कांपी है। भूकंप का केंद्र काबुल से 110 किलोमीटर पूर्व और 10 किलोमीटर की गहराई पर था। इससे पहले शुक्रवार सुबह 11:07 बजे भी 4.5 तीव्रता का भूकंप आया था। विशेषज्ञों के अनुसार, सतही (शैलो) भूकंप अधिक खतरनाक होते हैं क्योंकि इनके झटके सीधे सतह पर असर डालते हैं, जिससे भारी नुकसान हो सकता है। अफगानिस्तान में 5.0 तीव्रता का भूकंप आने के बाद एक बार फिर यहां रहने वाले लोगों में डर का माहौल है। फिलहाल जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। हालांकि, बीते 24 घंटे से भी कम समय में सातवीं बार लगे भूकंप के झटकों से धरती एक बार फिर कांप गई। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोमॉजी (ठउर) के मुताबिक शुक्रवार रात करीब 10.55 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.0 मापी गई।

## बागवानी फसलों की सुरक्षा के लिए फेंसिंग पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी



**प्रतापगढ़।**

उद्यान विभाग किसानों को बागवानी फसलों की सुरक्षा के लिए फेंसिंग पर 50 प्रतिशत अनुदान दे रहा है। फेंसिंग को शासन ने बागवानी मिशन योजना में शामिल कर दिया है।

इसमें पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर लाभ दिया जाएगा। उद्यान विभाग की एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत किसानों को फल, सब्जी, मसाले, फूल व औषधीय पौधों की खेती पर अनुदान के साथ एक अतिरिक्त सुविधा फेंसिंग की दी जा रही है। योजना के तहत एक रनिंग मीटर फेंसिंग की अनुमानित लागत 300 रुपये निर्धारित की गई है। इसमें किसानों को 150 रुपये प्रति मीटर यानि 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। शासन द्वारा बागवानों को कम लागत में ज्यादा मुनाफा दिलाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। प्रत्येक किसान अधिकतम 1000 मीटर तक फेंसिंग पर अनुदान ले सकेगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सरकार ने जिले में कुल 1.5 हेक्टेयर फेंसिंग कराने का लक्ष्य तय किया है। इस प्रयास से जिले में बागवानी फसलों की रक्षा तो होगी ही, साथ ही किसानों की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी। इस योजना के तहत लोहे के मजबूत पोलों का उपयोग किया जाएगा, जिनके बीच 10 फुट की दूरी रखी जाएगी। इन पोलों के बीच चार क्षैतिज तारों से बाड़बंदी की जाएगी, जिससे यह सुरक्षा व्यवस्था मजबूत व दीर्घकालिक होगी।

## कोयला काट रहे थे मजदूर और तभी धंसने लगी जमीन

# धनबाद के कतरास में भू धंसान से पांच लोगों की मौत



**कतरास।**

झारखंड के धनबाद स्थित भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के कतरास क्षेत्र की एकेडब्ल्यूएमसी (अंगारपथरा केशलपुर वेस्ट मोदीडीह कोलियरी) में शुक्रवार को एक गंभीर हादसा हुआ, जिसमें पांच मजदूरों की जान चली गई। इनमें से तीन मजदूर मां अंबे माइनिंग आउटसोर्सिंग कंपनी के थे, जो बीसीसीएल के अधीन कोयला खनन का कार्य कर रही है। दो शवों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। कहा जा रहा है कि दोनों मजदूर अवैध रूप से कोयला काटने में लगे थे। हादसे के बाद बीसीसीएल और खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया है। एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई है और शनिवार सुबह से रेस्क्यू अभियान शुरू करेगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शुक्रवार सुबह 10.30 बजे मां अंबे माइनिंग आउटसोर्सिंग कंपनी के केशलपुर पैच के ऊपर स्थित मुंडा धौड़ा में भू-धंसान हुआ। मुंडा धौड़ा भू-धंसान प्रभावित है और असुरक्षित घोषित है। भू-धंसान के कारण एक बड़ा चट्टान नीचे गुजर रही सर्विस वैन पर गिर गया, जिससे वैन 400 फीट गहरी खदान में गिर गई। लगातार गिर रही बड़ी बड़ी चट्टानयुक्त मलवा गिरने की परवाह किए बगैर मुनिडीह भटिंडा के गौताखोरों कि टीम व माईनस रेस्क्यू कि टीम शव निकालने का कार्य कर रही थी। जो देर शाम तक चलता रहा। अंत में माईनस रेस्क्यू कि टीम ने चार और मुनिडीह के गौताखोरों ने एक शव खोज निकाले। जानकारी के अनुसार शनिवार को एनडीआरएफ कि टीम राहत कार्य में लगेगी। इसके लिए रांची से 11 सदस्यीय एनडीआरएफ कि टीम कतरास पहुंच चुकी है।

## इंदौर के महापौर के पुत्र ने सीएम के सामने केंद्र पर दागे सवाल

**इंदौर।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता के दौरान इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव के पुत्र संघमित्र द्वारा दिए भाषण के बाद राजनीति गरमा गई। दरअसल, वाद-विवाद प्रतियोगिता के विषय-भारत सरकार के कृषि, रेल और खेल विभाग के कार्यों पर बोलते हुए संघमित्र ने मंच पर मौजूद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के समक्ष जब केंद्र सरकार की आलोचना की तो हर कोई हतप्रभ रह गया।

## कुल्लू और चंबा में पांच शव बरामद, किन्नौर में बाढ़ से भारी नुकसान, पूह में बन गई झील



**शिमला/धर्मशाला।**

हिमाचल प्रदेश में मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार शनिवार और रविवार को कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश, अन्य जगह मौसम साफ रहेगा। हिमाचल में भारी बारिश-भूस्खलन से तबाही के बीच शुक्रवार को शिमला समेत कई क्षेत्रों में मौसम खुला, लेकिन दुश्वारियां अभी बरकरार हैं। कुल्लू और चंबा में पांच और शव बरामद किए गए हैं। कुल्लू में पांच लोग अभी मलबे में दबे हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री भूस्खलन की चपेट में आए घरों के मलबे में दबे लोगों के परिजनों से मिले और हर संभव मदद को भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि मलबे में दबकर जिन लोगों की मौत हुई है, उनके शव हेलिकाप्टर से कश्मीर पहुंचाए जाएंगे। उधर, किन्नौर जिले के पूह खंड के लिप्पा गांव के साथ लगती पेजर खड्ड में वीरवार दोपहर को अचानक बाढ़ आने कृत्रिम झील बन गई है। इसका पानी बढ़ने से ग्रामीण दहशत में हैं। बाढ़ के चलते कई घरों, पेयजल स्रोतों, कूहलों और सेब के हजारों पौधों को भारी क्षति पहुंची है। कुल्लू के अखाड़ा बाजार में भूस्खलन की चपेट में आए घरों के मलबे में दबे आठ लोगों में से एक स्थानीय निवासी महिला और दो कश्मीरी श्रमिकों के शव बरामद हो गए हैं। एनडीआरएफ व पुलिस के जवान मलबे में दबे पांच अन्य लोगों को निकालने में जुटे हुए हैं।

## बारिश-बाढ़ से त्राहिमाम कर रहे राज्यों का दौरा करेंगे पीएम



**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारी बारिश और बाढ़ से त्राहिमाम कर रहे राज्यों का दौरा कर स्थिति का आकलन करेंगे। सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी के दौरे का कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। बता दें कि बीते एक सितंबर को गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के प्रभावित इलाकों का जायजा लिया था। देशभर में बारिश और बाढ़ ने तबाही मचाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित राज्यों का दौरा कर नुकसान का आकलन करेंगे। सूत्रों ने बताया कि बारिश और बाढ़ प्रभावित राज्यों का दौरा कर पीएम मोदी स्थिति की समीक्षा करेंगे। सरकारी सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि उत्तर भारतीय राज्यों, विशेषकर पंजाब और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश के कारण बड़ी जन-धन की हानि हुई है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड भी भूस्खलन और अतिवृष्टि से जूझ रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी बहुत जल्द इन राज्यों के प्रभावित इलाकों का दौरा कर सकते हैं। फिलहाल उनके कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

मृतकों में अमृतसर (5), बरनाला (5), बठिंडा (4), फाजिल्का (1), फिरोजपुर (1), गुरदासपुर (2), होशियारपुर (7), मानसा (3), पठानकोट (6), पटियाला (1), रूपनगर (1), संगरूर (1), एसएएस नगर (2) और लुधियाना (4) शामिल हैं।

## संपादक की कलम से

# नरम पडे लगा अमरीका !

राष्ट्रपति ट्रंप और अमरीकी अधिकारी टैरिफ के मुद्दे पर कुछ नरम पडे लगे हैं अथवा स्पष्टीकरण दे रहे हैं ! ट्रंप की पोस्ट में व्यथा भी है और संबंध सुधारने की ललक, इच्छा भी है। अमरीकी राष्ट्रपति का कहना है कि भारत के साथ लंबे समय से एकतरफा संबंध रहे हैं। भारत अमरीका पर ज्यादा टैरिफ लगाता रहा है। भारत हमें अधिक सामान बेचता है। अमरीकी कंपनियों को दिक्कत रही है, लिहाजा भारत को बहुत पहले टैरिफ कम करना चाहिए था। भारत अधिकतर हथियार और तेल रूस से ही खरीदता है, अमरीका से नहीं, उसे यह समीकरण भी ठीक करना चाहिए था। भारत पर जो 50 फीसदी टैरिफ लगाया गया है, वह आधिकारिक बातचीत के बाद घटाया भी जा सकता है। अमरीका और भारत आज भी रणनीतिक दोस्त हैं। भारत में नियुक्त अमरीकी राजदूत का कहना है कि भारत–अमरीका का रिश्ता 21वीं सदी के लिए सबसे अहम बन चुका है। यह साझेदारी लगातार नई ऊंचाइयां छू रही है। हम उन लोगों, प्रगति और संभावनाओं को सामने ला रहे हैं, जो हमें आगे बढ़ा रहे हैं। अमरीका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो का मानना है कि दोनों देशों की जनता के बीच यह स्थायी दोस्ती ही हमारे सहयोग की नींव है, लेकिन ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की भारत के प्रति सोच नकारात्मक है, लिहाजा वह एक जातिवादी नेरेटिव के जरिए भारत को अपमानित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने एक साक्षात्कार के दौरान टिप्पणी की कि भारत क्रेमलिन (रूस) का लॉन्ड्री हाउस बन गया है। भारत में ब्राह्मण वर्ग, देश की आम जनता की कीमत पर, मुनाफा कमा रहा है। यह बंद होना चाहिए। सवाल है कि भारत में कौन–सी ब्राह्मण लॉबी है, जो सत्ता में निर्णायक है और पैसा बना रही है? राष्ट्रपति ट्रंप के सलाहकार के बयान से साफ है कि अमरीका के सत्तासीन और बौद्धिक वर्ग में भारत के प्रति नकारात्मक पूर्वाग्रह अब भी हावी हैं। फिर दोस्ती और रणनीतिक साझेदारी के मायने क्या हैं? ऐसे ही तत्त्वों ने रूस से तेल न खरीदने की धमकी दी और आश्वासन दिया कि टैरिफ कम कर दिया जाएगा। भारत ने पलट कर जो निर्णय किया है, वह अमरीका को उसकी औकात बताने को पर्याप्त है। भारत ने रूसी तेल की खरीद को 30 फीसदी बढ़ा कर 20 लाख बैरल रोजाना कर दिया है। इसके अलावा, भारत अपने निर्यात–बाजार में विविधता और व्यापकता लाने के मद्देनजर 50 से अधिक देशों से बातचीत शुरू कर रहा है। करीब 25 फीसदी भारतीय माल निर्यात के लिए अमरीका पर निर्भर रहने के दिन अब खत्म हो चुके हैं। एक व्यापक वैश्विक बॉस्केट जोखिम को घटाएगा और भारत की किसी एक देश पर निर्भरता को कम करेगा। एससीओ का साझा घोषणा पत्र अमरीकी राष्ट्रपति ने पढ़ लिया होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने जापान समेत एससीओ से जो समझौते किए हैं, वे अमरीका पर अंतरराष्ट्रीय दबाव समूह साबित हो सकते हैं। ट्रंप के टैरिफवाद ने गैर–पश्चिमी देशों को चीन के एक शहर में लामबंद होने को बाध्य किया है। जापान से दोगुना निवेश (60,000 करोड़ रुपए), सेमीकंडक्टर निर्माण और सामरिक साझेदारी का करार प्रधानमंत्री मोदी का अमरीकी राष्ट्रपति को एक करारा जवाब है, जिन्होंने भारत को डेड इकोनॉमी घोषित किया था। उसी देश के साथ आज चीन जैसी विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश ने दोस्ती के हाथ बढ़ाए हैं। रूस तो भारत का दशकों पुराना मित्र है। यही नहीं, ऑस्ट्रेलिया के व्यापार मंत्री डॉन फैरेल ने भारत के साथ व्यापार और निवेश की इच्छा जाहिर की है। ऑस्ट्रेलिया महत्वपूर्ण और दुर्लभ खनिजों का भाग्यशाली देश है। रेयर अर्थ मिनरल्स का ऑस्ट्रेलिया में भी खूब भंडार है और भारत को इनकी जरूरत है।



ललित शर्मा
संपादक

## डॉ.राजीव डोगरा



### सुंदरतम

कविता

जल ने प्रलय मचा रखी है
आसमाँ की मोहब्बत में
दुनिया तबाह कर रखी है।

सोचते हो मोहब्बत
बस तुमने ही की है यहाँ
ओह नहीं नहीं......

हवा ने पानी से
पानी ने हवा से
आंखों से आंखें मिला रखी है।

सोचते हो खूबसूरत
बस तुम ही हो यहां
ओह नहीं नहीं......

पर्वतों ने अपनी सुंदरता से
सारी दुनिया अपने
कदमों में झुका रखी है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# जीएसटी का नया दौरः कराधान व्यवस्था क्रांति की ओर

भारतीय कराधान व्यवस्था में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) का आगमन एक ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी कदम था। इसने अप्रत्यक्ष करों के जटिल और उलझे जाल को जहां सरल बनाने का प्रयास किया, वहीं शासन एवं प्रशासन में पसरे भ्रष्टाचार एवं अफसरशाही को भी काफी सीमा तक नियंत्रित किया। सुधार, सुविधा एवं जनता को राहत देने के लिये किये इस प्रयास के बावजूद इसमें अनेक जटिलताएं एवं भारी-भरकम कराधान जनता को बोझिल किये हुए था, इस बात को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार लम्बे समय से महसूस कर रही थी, इसीलिये इसवर्ष स्वतंत्रता दिवस के लालकिले के उद्बोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने जीएसटी को अधिक सुगम एवं जनता के हित में करने की घोषणा की। अब सरकार ने इसे और सुसंगठित करते हुए केवल दो स्लैब्स में कराधान को समेट दिया है और कर भी काफी कम कर दिये हैं तो निश्चय ही यह उपभोक्ताओं और कारोबारियों दोनों के लिए राहतकारी है। इसमें मिडल एवं लोअर क्लास का व्यापक ध्यान रखते हुए उन्हें राहत दी गयी है, जिससे हर परिवार के पास ज्यादा खर्च करने लायक आमदनी बचेगी और लोग अन्य वस्तुओं एवं सेवाओं पर अधिक खर्च कर सकेंगे। इन बड़े एवं क्रांतिकारी सुधारों से खपत बढ़ेगी, विकास को तीव्र गति मिल सकेगी। निश्चित ही यह एक नए कराधान युग का सूत्रपात है, जिसमें कर प्रणाली अधिक पारदर्शी, सरल और उपयोगी बनने की ओर अग्रसर है।

जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक के बाद घोषित जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू करने करने की घोषणा की गई है। जिसमें अब 12 व 28 फीसदी के दो स्लैब को खत्म करके सिर्फ 5 व 18 फीसदी कर दिया गया है। कहा जा रहा है कि यह सरकार की ओर से आर्थिक सुधारों की कड़ी में एक नई पहल एवं आयाम है, जिससे जीएसटी को तार्किक बनाने व आम जनता को महंगाई से राहत देने का प्रयास हुआ है। वहीं दूसरी ओर विलासिता आदि वस्तुओं के लिये चालीस फीसदी का एक नया स्लैब जोड़ा गया है। विपक्ष इसे देर से उठाया गया कदम बता रहा है, तो सरकार आर्थिक सुधार की दिशा में बड़ा कदम। जीएसटी के बड़े सुधार को लेकर विपक्ष और विशेषतः कांग्रेस एवं भाजपा के बीच जो आरोप-प्रत्यारोप शुरू हुआ है, वह इसलिये औचित्यहीन, अतार्किक एवं व्यर्थ है, क्योंकि जीएसटी परिषद ने लम्बी विवेचना एवं आम सहमति से यह फैसला लिया है। वहीं कुछ अर्थशास्त्री इस कदम को ट्रंप के टैरिफ वॉर के परिप्रेक्ष्य में उठाया गया सुरक्षात्मक कदम मानते हैं। जिससे घरेलू खपत को बढ़ाकर निर्यात घाटे को कम किया जा सकेगा। वहीं कुछ लोग इसे नवरात्र में दिवाली से पहले सरकार का तोहफा बता रहे हैं। अनेक कर दरों की जटिलता उपभोक्ताओं के लिए हमेशा भ्रम और बोझ का कारण रही। बार-बार की दर-संशोधन प्रक्रियाओं से व्यापार जगत में असमंजस की स्थिति बनी रहती थी। अब दो स्लैब्स की व्यवस्था से यह समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी। उपभोक्ता को वस्तुओं और सेवाओं पर अपेक्षाकृत सरल, न्यायोचित और संतुलित कर ढांचा मिलेगा। इससे न केवल मूल्य स्थिरता आएगी, बल्कि खरीदारी और उपभोग की प्रक्रिया भी सहज होगी। इससे व्यापार एवं उद्योग भी विकास की रफ्तार पकडेंगे। यह कहना अनुचित नहीं होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने के लिए कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। डिजिटलाइजेशन, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, आधार लिंकिंग और पारदर्शी तंत्र ने व्यवस्था में विश्वास जगाया है। जीएसटी भी इसी कड़ी का एक क्रांतिकारी सुधार है जिसने वन नेशन, वन टैक्स की अवधारणा को मजबूत किया। परंतु सच्चाई यह भी है कि जीएसटी विभाग आज भी भ्रष्टाचार की जकड़न से पूरी तरह मुक्त नहीं हो पाया है। छोटे व्यापारियों और उद्यमियों को आए दिन नोटिस, जांच और जटिल प्रक्रियाओं के जाल में उलझाया जाता है। कई बार भ्रष्ट तंत्र इन्हें भयभीत कर अनुचित लाभ उठाता है। यह स्थिति जीएसटी सुधार की भावना के विपरीत है। यदि वास्तव में कराधान को क्रांतिकारी मोड़ देना है, तो जीएसटी व्यवस्था को भी पूर्णतः भ्रष्टाचार मुक्त करना अनिवार्य होगा। यह किसी से छिपा नहीं है कि टैक्स विभाग लंबे समय तक भ्रष्टाचार का गढ़ बना रहा। जटिल कानून और अनेक कर-श्रेणियाँ इस भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती थीं। लेकिन जब कराधान पारदर्शी और सरल होगा, तो अधिकारी और कारोबारी के बीच की अनावश्यक जटिलता भी कम होगी। इससे जनता एवं छोटे व्यापारियों का विश्वास व्यवस्था पर मजबूत होगा। अब आवश्यकता है कि सरकार जीएसटी प्रणाली को तकनीकी और प्रशासनिक स्तर पर और अधिक पारदर्शी बनाए। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल ट्रैकिंग का उपयोग कर कर चोरी रोकने के साथ-साथ अधिकारियों की मनमानी और रिश्वतखोरी पर भी अंकुश लगाया जा सकता है। करदाता के अधिकारों की रक्षा हो, ईमानदार व्यापारी को भयमुक्त वातावरण मिले और उपभोक्ता को राहत-तभी जीएसटी सचमुच क्रांति कहलाएगा। जीएसटी का नया दौर एक बड़ी राहत और परिवर्तन का संदेश लेकर आया है। अब अगला कदम यही होना चाहिए कि इसे भ्रष्टाचार से पूरी तरह मुक्त कर ईमानदार करदाताओं का विश्वास जीता जाए। तभी यह कहा जा सकेगा कि भारत ने वास्तव में सही अर्थों में एक राष्ट्र, एक कर और एक पारदर्शी कर व्यवस्था की ओर निर्णायक कदम बढ़ा लिया है। भारत की आर्थिक यात्रा में कुछ फैसले ऐसे होते हैं, जो केवल नीतिगत बदलाव नहीं, बल्कि युगांतरकारी मोड़ साबित होते हैं। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में हालिया सुधार उसी दिशा में उठाया गया एक साहसिक कदम है। कराधान व्यवस्था को सरल बनाने और जनता को सीधी राहत पहुँचाने की दिशा में यह सुधार महज सरकारी निर्णय नहीं, बल्कि एक लोककल्याणकारी दृष्टि का प्रमाण है। आजादी के बाद से भारत में कर-व्यवस्था जटिलताओं, बहुस्तरीय बोझ और भ्रष्टाचार की दलदल में फंसी रही। छोटे व्यापारी हों या आम उपभोक्ता, हर कोई अप्रत्यक्ष करों की इस भूलभुलैया से परेशान था। मोदी सरकार ने जीएसटी को लागू करके पहले ही इस दिशा में बड़ा कदम उठाया था, लेकिन अब इसे और सरल बनाना तथा दो स्लैब्स तक सीमित करना एक क्रांतिकारी सुधार है। इससे न केवल उपभोक्ताओं पर बोझ घटेगा, बल्कि व्यवसाय करने की सुगमता भी बढ़ेगी। अर्थव्यवस्था का असली इंजन जनता की जेब है। जब उपभोक्ता को राहत मिलती है, उसके हाथ में थोड़े अधिक पैसे बचते हैं, तो खपत बढ़ती है। यही खपत उद्योगों को गति देती है, उत्पादन में उछाल लाती है और अंततः रोजगार के नए अवसर पैदा करती है। जीएसटी सुधार का सबसे बड़ा असर यही होगा कि यह आर्थिक गतिविधियों को नये पंख देगा और इससे भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्थ बन सकेगा। किसी भी लोकतांत्रिक शासन का मूल्यांकन इस बात से होता है कि वह अपने नागरिकों के हितों को किस हद तक प्राथमिकता देता है।





ललित गर्ग

मोदी सरकार ने जीएसटी सुधार के जरिए यह स्पष्ट किया है कि उनकी नीतियाँ महज आँकड़ों का खेल नहीं, बल्कि जनजीवन को आसान बनाने की कोशिश हैं। यह सुधार जनता को केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि मानसिक राहत भी देता है। हालाँकि सुधार के साथ चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। राज्यों को राजस्व हानि की भरपाई, छोटे कारोबारियों को नई व्यवस्था में सहज बनाना और कर–प्रशासन में पारदर्शिता बनाए रखना, ये सब गंभीर प्रश्न हैं। लेकिन यदि इन्हें दूर किया गया तो यह सुधार भारत को एक मजबूत, पारदर्शी और विकासोन्मुख अर्थव्यवस्था की ओर ले जाएगा। जीएसटी सुधार को जनता के लिए एक उपहार कहना गलत नहीं होगा। यह केवल कराधान का बदलाव नहीं, बल्कि जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की पहल है। यह निर्णय बताता है कि शासन की नीतियाँ केवल सत्ता चलाने के लिए नहीं, बल्कि जनता को राहत देने और देश को विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ाने के लिए बनाई गई हैं। लेकिन यहां यह देखना ज्यादा जरूरी है कि इस बदलाव से वास्तव में आम उपभोक्ता को कितना फायदा होता है। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि उद्योग कर कटौती का लाभ उपभोक्ता तक कैसे पहुंचाते हैं। साथ ही नियामक कितनी सतर्कता से अनुपालन सुनिश्चित करते हैं।

# शिक्षा तकनीकी ज्ञान देश के विकास की आधार-शिला

शिक्षा और संस्कार किसी भी विकसित राष्ट्र की पृष्ठभूमि हो सकते हैं। एक शिक्षित राष्ट्र एक महान राष्ट्र बन सकता है।सुसंस्कृत देश को एक सभ्य शांत और शालीन राष्ट्र माना जाता है जो वैश्विक शांति स्थापना का पक्षधर होने की दिशा में निरंतर प्रगतिशील होता है। भारत देश की गिनती ऐसे ही सभ्य संस्कारी राष्ट्र के रूप में होती है और ऐसी भावना तथा संकल्पनाओं को हमने कई सोपानों में प्रमाणित भी किया है। सबसे पहले हमें शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को पहचानना होगा शिक्षा जीवन के महत्व, संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैं शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प है जिसके अंतर्गत पढ़ना लिखना समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक है साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना उसे इसका कोई संबंध नहीं रह जाता है साक्षरता सदैव रोजगार मूलक स्त्रियों से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता है शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचारशीलता में वृद्धि करती है ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षों के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग-अलग पैमाने से नापा है सुसंस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है।पर कई उदाहरणों में ऐसा भी पाया गया है उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्छृंखल हो सकता है. वर्तमान समय में उच्च शिक्षित और ज्यादा पढ़े लिखे अज्ञानियों की संख्या बहुतायत में है ऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक्षित व्यक्ति ना माना जाए शिक्षा और संस्कृति तथा विरासत के मूल्य का आपस में गहरा संबंध है।जबकि साक्षरता का इससे बहुत दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं है वैसे शिक्षा और संस्कृति के ज्ञान का प्रारंभिक गर्भावस्था से ही हो जाता है, अर्जुन पुत्र अभिमन्यु इस बात के बहुत बड़े उदाहरण है महात्मा गांधी तथा अब्राहम लिंकन ने मनुष्य के चरित्र निर्माण एवं विकास के लिए माताओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण बताया है। परिवार की शिक्षा के बाद विद्यालयों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसमें अनुशासन, सहभागिता, समानता एवं नेतृत्व जैसे गुणों का समावेश होता है पुस्तकों का ज्ञान व्यक्ति एवं व्यक्ति के जीवन में संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देता है पर शिक्षक की भूमिका जिंदगी में बड़ी ही प्रेरणादाई होती है। यह कहा जाता कि बिना गुरु ज्ञान नहीं हो सकता है, लोकोक्ति सही भी है, शिक्षकों का मार्गदर्शन खेल खेलने से विकसित होने वाले मूल्य जैसे समूह की भावना, निष्पक्षता, ईमानदारी,साहस की भावना को परिष्कृत करती है ऐसे कई उदाहरण हैं की बिना साक्षरता के व्यक्ति पूर्ण रूप से शिक्षित एवं सुसंस्कृत हो सकता है अपने समय के महान चिंतक फिलासफर सुकरात ने कहा था कि मैं शिक्षित अथवा ज्ञानी इस अर्थ में हूं, कि मैं कुछ नहीं जानता। शिक्षा व्यक्ति के जीवन में अहंकार,लालच, हिंसा, कटुता आदि को नियंत्रित करने में मदद देती है। पुराण काल में रावण प्रकांड पंडित एवं साक्षर व्यक्ति माना जाता था पर स्त्री के अपहरण में उसका कृत्य अहंकार लालच लिप्सा उसकी साक्षरता को सार्थक नहीं कर पाई। पर आज के संदर्भ में जब आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है, साक्षरता ने शिक्षा की जगह वरीयता प्राप्त करना शुरू कर दिया है। यह माना जाता है जिस व्यक्ति के पास अच्छी नौकरी अच्छा पद और मोटी मोटी तनख्वाह है, उसका समाज ज्यादा ही सम्मान करने लगता है। इन्हीं कारणों से समाज मूल्य तथा संस्कृति के विकास को दरकिनार कर रोजगार मूलक साक्षरता को ही आज वरीयता देता है। और समाज उसे सिर आंखों पर बिठा के रखता है। इससे समाज के दीर्घकालिक सांस्कृतिक मूल्यों का हनन होता है, एवं क्षति भी होती है। और इस प्रक्रिया में साक्षरता पक्ष होने के कारण रोजगार साधन बन जाते हैं। एवं साधनों की परवाह न कर इसकी खुली अवहेलना हो लोग करने लगे हैं ,और इसी कारण शिक्षा के क्षेत्र में नकल, फजीवाड़े, धन देकर नौकरी प्राप्त करना आदि की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। साक्षर तो घोटालेबाज केतन पारेख हर्षद मेहता एवं कुख्यात आतंकवादी ओसामा बिन लादेन भी थे, किंतु इनकी शिक्षा की सार्थकता समाज द्वारा सदैव नापसंद की गई एवं समाज इन्हें हेय दृष्टि से देखने लगा है। आज के संदर्भ में ऐसी शिक्षा या साक्षरता की आवश्यकता है, जो मानव जीवन में मूल्यों का विकास एवं मूल्यों की प्रतिबद्धता विकसित कर सके। जिससे समाजिक गिरते मूल्यों तथा विरासत की अवहेलना ना हो सके। बिना मूल्यों के बिना संस्कृतिक विचारधारा के साक्षर होना ठीक उसी तरह है जैसे किसी बंदर के हाथ में बंदूक या उस्तरा देना है। हमें आज नैतिक साक्षरता देने की आवश्यकता होगी, जिससे व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास विरासत की रक्षा तथा मानवीय संवेदनाओं का संपुट हो, जो व्यक्ति को एक अच्छा इंसान बना सकें।





संजीव ठाकुर

# शिक्षक दिवस पर आर आर पब्लिक स्कूल में शिक्षक सम्मानित : प्रणय मनु

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर :** स्योहारा रोड स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में भारत के प्रथम उप राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यालय में स्कूली छात्र - छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।विद्यालय प्रबंध समिति ने शिक्षकों को सम्मानित किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान में गीत कविताएं पढ़ी और अपने शिक्षकों द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। शिक्षकों ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने शिक्षक की भूमिका निभाते हुए रोल प्ले कर उनसे आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा अपने शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं भेंट कर उन्हें उपहार भी दिए। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चैयरमैन डॉ मनुजेंद्र गुप्ता, प्रबंधिका दीपा गुप्ता, प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता, उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने मां सरस्वती व डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने शिक्षक दिवस पर प्रकाश डालते हुए अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक हमारे समाज का निर्माण करते हैं। वहीं हमारे मार्गदर्शक होते हैं। शिक्षक का स्थान माता-पिता से भी ऊंचा होता है। माता-पिता बच्चों को जन्म जरूर देते हैं लेकिन शिक्षक उनके चरित्र को आकार देकर उज्जवल भविष्य के लिए तैयार करते हैं। इसलिए हम चाहे जितने भी बड़े क्यों ना हो जाए हमें अपने शिक्षकों को कभी नहीं भूलना चाहिए। विद्यालय के चेयरमैन डॉ मनुजेंद्र गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारत के राष्ट्रपति होने के साथ- साथ एक महान शिक्षक भी थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन दूसरों के लिए समर्पित कर दिया।

सभी शिक्षकों व स्कूली बच्चों को डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णनन द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान शिक्षक चंचल कटारिया, नीरज त्यागी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन यति त्यागी और गुरणिका ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधिका दीपा गुप्ता, डायरेक्टर प्राची गुप्ता, स्वाति यादव, रीता त्यागी, कपिल कुमार, अनुराग शर्मा, विरेन्द्र चौधरी, संजीव डबास , जीवन सिंह, आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षक दिवस पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा जनपद स्तरीय शिक्षकों को किया सम्मानित




**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर**/अनूपशहर तहसील क्षेत्र के गांव रोरा में शिक्षक दिवस को डा. सर्वपल्ली राधा कृष्णन के जन्म दिवस के रूप में मनाते हुए अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा जनपद स्तरीय शिक्षकों को सम्मानित किया।

शुक्रवार को गांव रोरा में आयोजित शिक्षक दिवस सम्मान समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एड. सुमन सिंह राघव, ठा. राकेश भाटी, कार्यक्रम संयोजक ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने मां सरस्वती जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में तहसील व जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, माध्यमिक शिक्षा के प्रवक्ता, मुख्य प्रवक्ता, प्रधानाचार्य, बेसिक शिक्षा से आए सहायक अध्यापक, प्रधानाध्यापक व उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सुमन सिंह राघव, ज्ञानेंद्र सिंह राघव, प्रो. पीके त्यागी, शिक्षिका प्रज्ञा गौड़, प्रो. अरविंद सिंह चौहान, प्रो. सीमांत दुबे, शिक्षक विपिन कुमार ने संबोधित करते हुए डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को महान दार्शनिक के साथ-साथ महान शिक्षाविद बताते हुए उनके द्वारा दिए गए सिद्धांत को अपनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ठा. राकेश भाटी तथा संचालन ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने किया। समोरह में प्रो. चंद्रावती. प्रो. सौरभ मिश्र, प्रो. भीष्म सिंह, ज्ञानेश शर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, अभिजीत सिंह चौहान, हेमंत शर्मा, राजकुमार राघव, गुंजन देवी, मनीषा, ग्राम प्रधान राय सिंह, दीपेंद्र राघव आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# शिक्षक दिवस पर इंडो किड्स स्कूल की प्रिंसिपल निदा सहर को सम्मानित करते समाजसेवी मामून शाह



**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** शिक्षक दिवस पर पालिकाध्यक्ष पति समाजसेवी मामून शाह खां, इंटेक सदस्य माजिद खां उर्फ राजा खां व राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष काशिफ खां ने शिक्षकों को सम्मानित किया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए इंडो किड्स स्कूल की प्रिंसिपल निदा सहर समेत कई शिक्षकों को शॉल पहनाकर सम्मानित किया और स्मृति चिन्ह भेंट किए।

# स्योहारा में ईद-ए-मिलादुन्नबी पर निकाला गया जुलूस

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**स्योहारा।** ईद उल मिलादुन्नबी नबी के मौके पर निकला गया जुलूस। शहर में परंपरागत जुलूस ए मोहम्मदी को शहर में निकाला गया। जिसमें सरकार की आमद मरहबा के नारे वाह सलातों सलाम को पढ़ा गया। जुलूस ए मोहम्मदी मिल चौराहा से शुरू होकर गुड मंडी, पीर का बाजार, शिवाजी मार्केट होते हुए मोहल्ला मिलकियान होते हुए नवादा चुंगी से होते हुए नगर पालिका परिषद, फुव्वारा चौक, थाना चौराहा, उस्मान अली खान चौराहा से होते हुए वापस मिल चौराहे समाप्त हुआ। जहां फातिहा पढ़कर तबरुक को बाटा गया और अमन अमन की दुआ मांगी गई। जुलूस ए मोहम्मदी की सरपरस्ती सैयद महबूब हुसैन ने की। गणमान्य व्यक्तियों द्वारा कैंप लगाकर जुलूस ए मोहम्मदी की खिदमत की। जुलूस का मिलकियान में शब्बीर बिल्डिंग पर सभासद खुर्शीद अहमद के नेतृत्व में प्रेस क्लब स्योहारा अध्यक्ष रियाज उर्फ.प्रिंस जमाल, शाहनवाज खुर्शीद, मौहम्मद यूसुफ, अजहर आलम, मौहम्मद अकरम, आकिब नवाब, शफीक अहमद, एड.राशिद सलमानी, मुजीबुल्ला, डा. तफ़्फ़जुल, सुबहान रवि, वामिस वसी, इमरान शरीफ, मिलकियान में मंदिर के निकट इमरान अहमद, रिजवान अहमद, गुलजार अहमद, जुबैर जैदी, अफ़्फ़ान इमरान, इरफान रिजवान ने सामूहिक रूप से जुलूस ए मोहम्मदी का स्वागत किया। टीचर कालोनी में राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति द्वारा भी एक विशाल कैंप लगाया गया जिसमें इरशाद अहमद ब्लॉक प्रभारी, मोहम्मद दानिश नगर अध्यक्ष, सद्दाम हुसैन, फिरोज, हफिज, अरशद, सानू, रिजवान, अबुजर, हाफिज आरिफ, हाफिज शहादत, शरिक, शमशेर अली, दिलशाद आदि ने सहयोग किया, नगर पालिका पर पालिकाध्यक्ष फैसल वारसी, ईओ विजेंद्र सिंह पाल, प्रधान लिपिक देवेंद्र सिंह, थाना चौराहे पर रिटायर्ड सीओ इकबालुजम्मा, एडवोकेट कमरुजम्मा, एडवोकेट सलीम मलिक, एडवोकेट फैजी, सभासद अकरम अल्वी, मौहम्मद सिकंदर, जमाल शेख, एडवोकेट रईस मालदार, अल्फा होटल के निकट पूर्व विधायक नईमुलहसन, यूसुफ चौधरी, महफूज सागर, नजीबुलहसन, युवा नेता अब्दुल्ला चौधरी आदि ने जुलूस का स्वागत किया। स्वागत करने वाले सभी लोगों का जुलूस कमेटी की ओर द्वारा शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। जुलूस ए मोहम्मदी को कामयाब बनाने में हाजी परवेज राणा, जावेद अख्तर टाल वाले, सैयद दानिश सीईओ अविहूब इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, गयास कादरी, डा.सुहैल कादरी, शकील अहमद, रिहान अहमद, तौफीक अहमद, डा.एमएफ अब्बासी, सैयद चांद आलम, नफीस अहमद, नईम शाह, वसीउर्रहमान, जावेद, काशिफ, हकीम रईस, यूसुफ, ताबिश, शबी आदि लोग मौजूद रहे। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र सिंह, एसएसआई सुरजीत सिंह, एसआई यश देव शर्मा, एसआई राजेश कुमार, एसआई हरिओम गौतम, एसआई प्रदीप कुमार, एसआई असकर खान, का.बृजपाल सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, ड्राईवर सतेंद्र कुमार, प्रभात आदि मौजूद रहे।

# नो हेलमेट नो फ्यूल का समाजसेवी आशु गोयल ने किया पालन



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चांदपुर :** चांदपुर के समाजसेवी आशु गोयल ने ₹नो हेलमेट नो फ्यूल₹ का पालन किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी के निदेर्शानुसार समाज सेवी आशु गोयल में नया हेलमेट खरीद कर अपनी स्कूटी में पेट्रोल पंप पर तेल भरवाया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी के निदेर्शानुसार 1 सितंबर से 30 सितंबर तक उत्तर प्रदेश के सभी फ्यूल पंप संचालकों एवं स्वामियों को निर्देश दिए गये हैं कि वह किसी भी ऐसे दो पहिया चालकों को पेट्रोल (फ्यूल) का विक्रय नहीं करेंगे जिनके चालक ने हेलमेट नहीं पहना है। अतः ₹नो हेलमेट नो फ्यूल₹ विधिवत जनहित करी तथा सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु / गंभीर चोटों के घटाने के उद्देश्य से पूर्णतः औचित्यपूर्ण है। उक्त अभियान जन सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 129 द्वारा दो पहिया चालक के लिए हेलमेट अनिवार्य हैं।

# वीर खालसा सेवा ने टीचर्स डे पर टीचर्स को सम्मानित किया गया



**वेलकम इंडिया**

वीर खालसा सेवा समिति की ओर से गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में टीचर्स डे पर टीचर्स को सम्मानित किया गया समिति के अध्यक्ष का तार सिंह ने कहा टीचर्स का सम्मान करना बहुत ही अच्छी बात है क्योंकि टीचर्स के बिना और पढ़ाई के बिना बच्चा अधूरा है टीचर से मेहनत करके बच्चों को पढ़ाते हैं यही बच्चे आगे बढ़कर अपने रामपुर का नाम देश का नाम रोशन करते हैं आज टीचर डे पर मुख्य अतिथि अलका जैन जी ? एक्सिस बैंक की मैनेजर संदीप कौर जी के हाथों सभी टीचर्स को सम्मानित किया गया ? इस मौके पर नीतू अरोड़ा प्रीती अरोरा। शिवांगी सक्सेना सुगंधी गुप्ता ? सीमा राजेंद्र कौर ? ज्योति गुप्ता अंजना अरोड़ा गुरु पवन कौर सरबजीत अरोड़ा प्रेम शंकर स्वाति शर्मा निधि ? धन्य जी मौजूद रही जिनको सम्मानित किया इस मौके पर समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह सरदार निर्मल सिंह सरदार मनमीत सिंह रणजीत कौर जी संदीप कौर की सेवा सिंह नारायण सिंह सुरजीत सिंह अमनदीप सिंह मनिंदर सिंह सभी लोग मौजूद रहे ।

# भगवान श्री गणेश की मूर्ति की पूजा अर्चना के लिए नवे दिन भी बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालु

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर नगीना श्री गणपति सेवा मंडल द्वारा पंडाल में स्थापित की गई भगवान श्री गणेश की मूर्ति की पूजा अर्चना के लिए नवे दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे रहे। नवे दिन पंडित ओमप्रकाश शास्त्री ने नगीना पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी के पंडाल में पहुंचने पर उनसे पूरे विधि विधान के साथ भगवान गणेश जी की पूजा करायी।

सराय मीर स्थित श्री गणेश पंडाल में हर दिन कुछ न कुछ विशेष आयोजन किया जा रहा है जिससे आकर्षित होकर हर दिन के साथ भक्तो की भीड़ बढ़ती जा रही है। नवे दिन की गणेश पूजा में नगर पालिका सदस्य बृजमोहन विश्नोई, पूर्व चेयरमेन प्रभात चंद गुप्ता, गणपति श्री राम मंडल के अध्यक्ष पवन काम्बोज, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, अनमोल कंसल, संजय वर्मा, गौरव गोयल, एडवोकेट दीपक सक्सेना, विकास अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, महेंद्र वर्मा, अरुण अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, सुबोध गिलोत्रा, आधार वर्मा, शलभ अग्रवाल, विनीत विश्नोई, आदित्य चौहान, अनिमेष प्रताप सिंह, अमित वर्मा, विजय गर्ग, धीरज गुप्ता, मिनाक्षी सक्सेना, नितिन अग्रवाल, अंजना गुप्ता, आरती अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, ममता वर्मा, किरन काम्बोज, आशु काम्बोज, किरन अग्रवाल, श्रद्धा राजपुल, मधु गिलोत्रा, मुकेश गुप्ता, विशाल मल्होत्रा, आदि रहे। श्री गणपति सेवा मंडल के अध्यक्ष पवन काम्बोज ने बताया कि श्री गणपति जी की विसर्जन यात्रा 6 सितम्बर को प्रातः 9 बजे से प्रारम्भ होगी।

साथ ही उन्होंने बताया कि हम पंडाल में श्री गणेश जी पीतल की मूर्ति स्थापित करते है इसलिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मूर्ति को हरिद्वार गंगा जी में स्नान कराकर वापिस लें आयंगे।

# हाईटेंशन लाइन से मेडिकल स्टोर संचालक की मौत:छत पर काम करते समय चपेट में आए, तीन बच्चों के पिता थे

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर कोतवाली शहर क्षेत्र के चक्कर चौराहे के पास चौधरी पुरम कॉलोनी में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई। मेडिकल स्टोर संचालक भूपेंद्र की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। वह अपने घर की छत पर काम कर रहे थे।

घटना के समय भूपेंद्र मकान के पास से गुजर रही 33,000 वोल्ट की हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गए। उन्हें तुरंत 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के फुफेरे भाई हेमेंद्र सिंह ने बताया कि इस लाइन को लेकर कई बार शिकायत की गई थी। मोहल्ला बसने के बाद भी बिजली विभाग ने लाइन शिफ्ट नहीं की। कुछ दिन पहले भी एक व्यक्ति इसी लाइन से घायल हुआ था। भूपेंद्र मेडिकल स्टोर चलाने के साथ खेती-बाड़ी का काम भी देखते थे। उनके तीन बच्चे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# गौ सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल ने बिजनौर की गौशालायों का किया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर।** दीपक गोयल सदस्य गौ सेवा आयोग उत्तर प्रदेश, लखनऊ का जनपद बिजनौर भ्रमण कार्यक्रम क अंतर्गत गौशालाओं का निरीक्षण किया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ लोकेश कुमार अग्रवाल द्वारा सदस्य दीपक गोयल का स्वागत किया गया। दीपक गोयल द्वारा विकास खंड नूरपुर अंतर्गत गौ आश्रय स्थल फीना का निरीक्षण किया गया। मौके पर ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव मौजूद रहे। गौ आश्रय स्थल का संपर्क मार्ग खराब है, जिसके लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। गोबर का निस्तारण ठीक प्रकार से करने एवं वर्षा के दृष्टिगत जल निकासी की व्यवस्था ठीक करने के निर्देश दिए गए। नर गोवंश को छोटे गोवंश से अलग रखने के लिए शेड में बाड़ कराकर उसमें रखा जाए। विकास खंड नूरपुर अंतर्गत अस्थाई गौ आश्रय किरतपुर का निरीक्षण किया गया। गौशाला का संचालन महिला समूह द्वारा किया जा रहा है एवं गौ उत्पाद जैसे अगरबत्ती दिये बनाए जा रहे है जिसकी दीपक गोयल द्वारा प्रशंसा की गई। विकास खंड कोतवाली अंतर्गत उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग में पंजीकृत कृष्णायन गौशाला का निरीक्षण किया गया। उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी नगीना मौके पर मौजूद रहे। गौ आश्रय स्थल में रेड सिंधी एवं साहीवाल नस्ल की गए संरक्षित की गई है। दीपक गोयल द्वारा गौशाला का निरीक्षण कर संतोष व्यक्त किया। तत्पश्चात इस्माइलपुर दमि गौशाला का निरीक्षण किया। गौ आश्रय संचालिका रजनी जौहर मौजूद रही। गौ आश्रय स्थल का संपर्क मार्ग बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए एवं गोबर का निस्तारण ठीक तरीके से करने के निर्देश दिए गए।

# धूमधाम से मनाया 1500 साल वा जश्ने ईद मिलादुन्नबी

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर के तहसील नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम करमसखेड़ी में जश्ने ईद मिलादुन्नबी हर साल की तरह इस साल भी धूमधाम से मनाया गया अहले सुन्नत वल जमात ने 1500 सालवा ईद मिलादुन्नबी की सदाऐ बुलंद करते हुए सरकार की आमद मरहबा दिलदार की आमद मरहबा के नारे गली गली में गूंजे नजीबाबाद से तशरीफ लाए हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती मुजाहिद राजा ने अपने खिताब में कहा क्यों ना हम सरकार की आमद धूमधाम से मनाएं क्योंकि अल्लाह तबारक व ताला के फरिश्ते खुद सरकार की आमद की खुशी में खुशियां मनाते हैं और अल्लाह तबारक व ताला अपने नबी का खुद मिलाद सुनता है हर साल की तरह इस साल भी जुलूस में खूब बढ़-चढ़कर लोगों ने हिस्सा लिया और ग्राम करमसखेड़ी सुन्नी रजा जामा मस्जिद के इमाम साहब अहमद रजा अत्तारी ने अपने खिताब में क्यों ना हम सरकार का मिलाद बनाएं और अपने घरों में चरागाह करें और झंडे लगाए क्योंकि फरिश्तों ने खुद सरकार की आमद में झंडे लगाए और भी तमाम लोगों ने खूब नबी की शान में कसीदे पढ़े जश्ने ईद मिलादुन्नबी में मौजूद रहे हजरत अल्लामा मौलाना अहमद राजा हाफिज मोहम्मद यूनुस हाफिज मोहम्मद जियाउलमुस्तफा हाफिज महमूद रजा हाफिज नौशाद हुसैन मोहम्मद अनीस मोहम्मद परवेज मोहम्मद आफाक मोहम्मद शाहबाज मोहम्मद सोहेल अहमद राजा फहीम अहमद मकसूद मोहम्मद आसिफ मोहम्मद शहजाद मोहम्मद आरिफ मोहम्मद इरफान मुन्ना हाजी मकसूद अहमद अतीक अहमद मोहम्मद नौशाद मोहम्मद फरमान मोहम्मद रईस अब्दुल मुस्तफा सूफी रईस अहमद मोहम्मद शालू विकार अहमद मोहम्मद अरशद सेफ राजा हाफिज मोहम्मद हसनैन अमीर हम्जा अली हसनैनऔर भी अधिक लोग मौजूद रहे।

# रसूल की आमद मरहबा...मरहबा या मुस्तफा... से गूंजी फिजा

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर।** पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब के जन्म दिवस पर सिद्धार्थनगर मुख्यालय नौगढ़ में भव्य रूप से जुलूस-ए- मोहम्मदी निकाला गया। इसमें रसूल की आमद मरहबा...मरहबा या मुस्तफा..., से फिजा गूंजती रही। शामिल मक्का-मदीना और गुंबदे खिजरा सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों की झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों ने धार्मिक और इस्लामिक नारेबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया।

पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन, ईद मिलादुन्नबी के मौके पर नौगढ़ कस्बे मे शुक्रवार को पूरी तरह से जश्न में डूबा रहा।सुबह से ही लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी संख्या में इकट्ठा हुए और जुलूस निकाला, जिसमें सरकार की आमद मरहबा, आका की आमद मरहबा के नारे गूंज उठे। जुलूस में शामिल लोग अपने हाथों में हरे झंडे लिए हुए थे और पैगंबर साहब की शान में नात पढ़ रहे थे।इस दौरान पूरे कस्बे में भाईचारे और सौहार्द का माहौल बना रहा।इस मुबारक मौके पर लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई दी और मिठाइयां बांटीं। घरों और मस्जिदों को खास तौर पर सजाया गया था।

इस मौका पर पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब के जुलूस-ए-मुहम्मदी मे नौगढ़ क्षेत्र के तमाम गांवों व मुहल्लों के मदरसों से वाहनों के लंबे काफिले के साथ नौगढ़ ब्लॉक के सामने आजाद नगर वार्ड स्थित ईदगाह पहुंचा जहां से जुलूस-ए-मोहम्मदी प्रारंभ होकर बगियवां मस्जिद के पास एक विशाल जलसे में तब्दील हो गया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के देवलहवां ग्रान्ट, महरिया, बभनी, पोखरभिटवा, दंतरगवा, बिनौका व नगर क्षेत्र के मुडिला, पिठनी आदि मदरसों से जुलूस निकलकर शामिल हुये।

## लापता युवक का शव पोखरे में मिला, हत्या की आशंका

**सिद्धार्थनगर।** सदर थाना क्षेत्र के रोवांपार गांव के बाहर पोखरे में शुक्रवार को सुबह शनि कुमार (20) पुत्र रुद्र नरायन का उतराया हुआ शव मिला। वह दो दिन पहले संदिग्ध हाल में घर से लापता हो गया था। थाने में इस मामे1 में पिता ने गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। पिता ने एक किशोरी और उसके परिवार पर बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतका के मुंह, आंख और कान से रक्तस्राव और गले में चोट का निशान होना बताया जा रहा है।पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के रोवांपार गांव निवासी शनि कुमार (20) पुत्र रुद्र नरायन बुधवार रात बिना किसी को बताए घर से कहीं चला गया। देर रात और दूसरे दिन दोपहर तक परिवार के लोगों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पर पता नहीं चला।

# प्राथमिक विद्यालय बक्शीकला में शिक्षक-अभिभावक बैठक सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**प्रयागराज।** शासन की मंशानुसार एवं महानिदेशक स्कूल शिक्षा महोदया जी के आदेशों के अनुपालन में, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज श्री देवव्रत सिंह जी के निदेर्शानुसार प्राथमिक विद्यालय बक्शीकला नगरक्षेत्र प्रयागराज में इस माह की शिक्षक-अभिभावक बैठक (पी.टी.एम.) सकुशल सम्पन्न हुई।

बैठक का आयोजन प्रथम खण्ड शिक्षा अधिकारी नगरक्षेत्र प्रयागराज श्रीमती प्रतिभा सिंह जी की गरिमामयी उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में किया गया। विद्यालय प्रमुख श्री राजीव निषाद जी ने बैठक की अध्यक्षता की तथा संचालन श्री सत्य प्रकाश श्रीवास्तव जी ने किया।

सहायक अध्यापक श्री अजय कुमार जी ने नामांकन, बच्चों की नियमित उपस्थिति, निपुण लक्ष्य ऐप से आकलन और डी.बी.टी. जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ अभिभावकों को प्रदान कीं। शिक्षामित्र श्रीमती निर्मला सिंह जी ने ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण के महत्व पर चर्चा कर अभिभावकों को जागरूक किया।

बैठक में बच्चों की शैक्षणिक प्रगति और व्यवहारिक सुधार पर अभिभावकों से फीडबैक लिया गया तथा विद्यालय को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए। इस दौरान विद्यालय सहायक श्री वसीउद्दीन जी ने बच्चों व अभिभावकों के प्रबंधन में सराहनीय सहयोग प्रदान किया।

भारी संख्या में अभिभावकों ने बैठक में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अंत में विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाने की शपथ के साथ बैठक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

## दिनांक 06 सितंबर 2025 को स्कूलों की छुट्टी घोषित

**मथुरा।** जिला विद्यालय निरीक्षक/प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रविन्द्र सिंह ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी महोदय के निदेर्शों के क्रम में कक्षा 1 से 12 तक के सभी विद्यालयों में दिनांक 06 सितंबर का अवकाश घोषित किया गया है।

## देशी शराब की दुकान से चोरी किए माल के साथ दो चोर गिरफ्तार



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने चोरी की वारदात में शामिल दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया हैं। आपको बता दें 31 अगस्त की आधी रात में थाना धौलाना क्षेत्र के ग्राम कंदौला में स्थित देशी शराब की दुकान का ताला तोड़कर शातिर चोर नकदी और सामान पार कर फरार हो गए थे घटना की जानकारी के बाद ठेके के संचालक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना धौलाना में मुकदमा दर्ज कराया था। उक्त घटना का सफल अनावरण करते हुए थाना धौलाना पुलिस ने बाल अपचारी सहित दो चोरों को महाराणा प्रताप गेट के पास ग्राम कंडोला से गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस ने 44 हजार रुपये की नकदी, चोरी किया गया एलसीडी टीवी और वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी बरामद की है गिरफ्तार किए गए आरोपी में दीपक उर्फ राजकुमार जो ग्राम कुराली थाना जानी जनपद मेरठ हाल पता मोहल्ला भोहल्ला पूरी गली नंबर 2 थाना पिलखुवा का रहने वाला है और एक बाल अपचारी है।

## बारावफात पर डीएम और एसपी ने किया जुलूस का दौरा



वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**बेंवा/सिद्धार्थनगर।** ईदमिलादुन्नबी के जुलूस को लेकर सिद्धार्थनगर जिले के प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े इंतजाम किए हैं।जिलाधिकारी राजा गणपति आर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन ने विभिन्न थानाक्षेत्रों का दौरा कर हालात का जायजा लिया और अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। डीएम डॉ. राजा गणपति आर और एसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने शुक्रवार को बारावफात के दृष्टिगत विभिन्न थाना क्षेत्रों में आयोजित जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।इस दौरान बांसी स्टैंड नौगढ़ व कस्बा इटवा, थाना डुमरियागंज के बेवा में आयोजित जुलूस का निरीक्षण किया गया। बेवां में डीएम व एसपी मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था परखी। ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## शानो-शौकत से निकाला गया बारावफात जुलूस

**औरंगाबाद /बुलंदशहर।** इस्लाम धर्म के प्रवर्तक पैगम्बर हजरत मौहम्मद साहब की यौम ए पैदाइश बारावफात के अवसर पर कस्बे में शानदार जुलूस निकाला गया।जहां एक ओर अनुयाई हजरत मुहम्मद साहब की शान में कसीदे पढ़ते चल रहे थे वहीं दूसरी ओर युवा अपने उस्ताद खलीफा के नेतृत्व में पटा बाजी लाठी आदि के हैरतअंगेज करतब दिखाते चल रहे थे।

जुलूस का आगाज पवसरा रोड स्थित बिलाल मस्जिद से पूर्व चेयरमैन सपा नेता सैयद हिमायत अली नसीर पहलवान शाहजुद्दीन मेवाती उर्फ भूरा मेवाती आदि ने हरी झंडी दिखाकर किया। जुलूस में शामिल लोग धार्मिक नारे बुलंद करते कुरान शरीफ की आयतें पढ़ते चल रहे थे। खलीफा नाजिम एवं शाहिद के नेतृत्व में युवा कलाकारों ने लाठी घुमाना,जाल, बन्नेती, भाला, ढाल आदि पटा बाजी मेन बाजार छैपीवाडा स्याना सिकंदरा नयी बस्ती होता हुआ सैयद हिमायत अली की कोठी पर पहुंचकर संपन्न हुआ।सैयद हिमायत अली ने खलीफाओं को सम्मानित किया।जुलूस में हजारों लोग शामिल रहे।

# सपा ने डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में मनाई



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर के नेतृत्व में पूर्व राष्ट्रपति एवं सुविख्यात दार्शनिक डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन की जयंती पर उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण कर शिक्षक दिवस के रूप में मनाई गईं। जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर ने कहा कि डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन का जनम 5 सितंबर 1888 को त्रुटुन्नी तमिलनाडु नामक स्थान पर ब्राह्मण परिवार में हुआ था !

इन्होंने मद्रास कॉलेज से मास्टर ऑफ आर्ट्स की उच्च शिक्षा ग्रहण की और वर्ष 1952-1962 तक भारत के उपराष्ट्रपति पद को सुशोभित किया तथा वर्ष 1962-1967 तक दूसरे राष्ट्रपति पद पर रहकर देश का प्रतिनिधित्व किया। भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद् , महान दार्शनिक,ओर राजनीतिक विचारक की ख्याति प्राप्त की तथा साहित्य के क्षेत्र में कुछ रचनाएं लिखते हुए शिक्षक का सम्मान करने का काम किया इसलिए इनका जन्म दिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिक्षक दिवस के मौके पर प्रधानाचार्य राजेश यादव जी , प्रधानाचार्य महेश चंद शर्मा , प्रवक्ता मुश्ताक अली बबीता तोमर एवं नीलम सिसोदिया को सम्मानित किया गया !इस अवसर पर तेजपाल प्रमुख, आदेश गोस्वामी, अख्तर मलिक, अय्यूब सिद्दीकी, लवी तोमर महेंद्र सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

# पूर्णिया निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने जीत लिया दिल

वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी



**नई दिल्ली।** सांसद पप्पू यादव ने बाढ़ पीड़ितों के लिए 5 माह का वेतन किया समर्पित। सांसद पप्पू यादव ने अपने पांच माह का सांसद वेतन देश के अभूतपूर्व बाढ़ से प्रभावित राज्यों के पीड़ितों के नाम समर्पित करने की घोषणा की है।

श्री यादव ने बताया कि वे अपने दो माह का वेतन हिमाचल प्रदेश, दो माह का वेतन पंजाब और एक माह का वेतन गुजरात के बाढ़ पीड़ितों को समर्पित करेंगे।

उन्होंने कहा, ह्लपंजाब और हिमाचल प्रदेश में भयंकर बाढ़ से जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। गुजरात में भी हालात चिंताजनक हैं। अगर बाढ़ की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो मैं पूरे साल का वेतन समर्पित कर दूंगा।साथ ही, व्यक्तिगत रूप से भी राहत कार्यों में शामिल होकर पीड़ितों की सेवा करूंगा।

सांसद पप्पू यादव ने कहा कि यह समय राजनीति करने का नहीं, बल्कि एक-दूसरे के साथ खड़े होकर मदद करने का है।उन्होंने देश के सभी सक्षम नागरिकों से भी अपील की कि वे आगे आकर बाढ़ प्रभावित परिवारों की हर संभव मदद करें। सांसद पप्पू यादव एक ऐसे सांसद है जो अपना पूरा जीवन इंसानियत सच्चाई के लिए समर्पित कर दिया है, चाहे इतिहास गवाह है जब भी कोई आवदा घटित होता है वहां पप्पू यादव की मदद जरूर पहुंचता है, सरकार की मदद की गारंटी हो या ना हो लेकिन पप्पू यादव की मदद की गारंटी जरूर होता है, लॉकडाउन हो या बिहार में बाढ़ का हालात हमेशा पप्पू यादव और उनकी पूरी टीम मदद के लिए तैयार रहता है, देश का पहला ऐसे सांसद है जो दिल्ली में अपने सरकारी आवास को सेवा आश्रम में बदल देते है जहां देश के किसी भी राज्य के लोग जब दिल्ली इलाज के लिए आते है और उन्हें रहने के लिए कोई ठिकाना नहीं मिलता वो पप्पू यादव जी के आवास में उन्हें आसरा मिलता जहां खाना इलाज सब कुछ मिलता है।

# श्रीगिरिराज महाराज का पंचरत्नम महाभिषेक कर निहाल हुए भक्त

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** गिरिराज भूमि गोवर्धन की गिरि तहलटी जहाँ गिरिराज धरन की जय जयकार से गूंजता रहा वहीं यमुना ,गंगा गोदावरी, बह्मपुत्र, चिनार, कृष्ण, अलखनंदा के पवित्र जल दूध, दही, शहद व जड़ी बूटियों के पंचामृत से श्री गिरिराज महाराज का दिव्य पंचरत्नम महाभिषेक सम्पन्न हुआ ! ग्वाल और सखी रूप बने श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से अभिषेक कर आरती की !

छप्पन भोग उत्सव की पूर्व संध्या पर वैदिक मंत्रोच्चरण के मध्य आचार्य कामेश्वर नाथ चतुर्वेदी पंडित माखन लाल चतुर्वेदी ने महाभिषेक सम्पन्न कराया।ब्रज के प्रमुख उत्सवों में शुमार छप्पन भोग उत्सव में महाभिषेक के दौरान वातावरण कृष्णमय हो गया।गोपी स्वरूप धारण करते महिलाएं एंव ग्वाल रूप धारण करते समिति परिवार के सदस्य गाजे बाजे के साथ छप्पन भोग स्थल में अभिषेक करने को आए।इन्द्र के मानमार्दन के उपरांत ब्रजवासियों ने जैसे गिरिराज महाराज को छप्पन भोग लगाया उसी भाव को साकार करने के भाव से श्रीगिरिराज सेवा समिति परिवार द्वारा यह उत्सव का आयोजन किया गया। इसके लिए समिति परिवार सदस्यों द्वारा महाभिषेक कर भगवान गिरिराज महाराज को छप्पन भोग का न्यौता दिया है।

ग्वाल गोपी के स्वरूप में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालु श्री गिर्राज महाराज का जय जयकार कर भगवान गिरिराज महाराज का अभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित करते रहे।इससे पूर्व समिति के संस्थापक मुरारी अग्रवाल ने पंचामृत पंचरत्नम अभिषेक किया मुख्य यजमान कृष्ण कुमार कन्नू और महावीर अग्रवाल ने कलश पूजन किया ! अध्यक्ष दीनानाथ अग्रवाल, महामंत्री अशोक कुमार आढ़ती, नीरज गोयल,मुख्य संयोजक राघवेंद्र गर्ग संयोजक अनमोल बंसल संयोजक बाँके बिहारी सोनी दिनेश सादाबाद संरक्षक राजेन्द्र सर्राफ कोषाध्यक्ष भगवानदास खण्डेलवाल, सुनील अग्रवाल पेंट्स विजय बीकानेर राजेश बालोत्रा दिनेश मंगल कन्नू सर्राफ, हरीश गिलट, देवेश सरन सर्राफ विनोद अग्रवाल कपड़े वाले राजीव अग्रवाल संजय जिंदल महावीर अग्रवाल राकेश गर्ग संजय चौधरी तुषार हाथी वाले अंकित बंसल मनीष सर्राफ कपिल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## ब्रज का अलौकिक छप्पन भोग आज

**मथुरा।** कल रात 6 सितम्बर अनंत चतुर्दशी को ब्रज के प्रमुख मेला श्री गोवर्धन की गिरि तलहटी में होने में होने वाले छप्पन भोग के लिए गोवर्धन की गिरि परिक्रमा हरियाली की हरिप्रियतमा और रंग बिरंगी रोशनी से नहा उठी है।ब्रज के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ रहा है इस बार गिरिराज सप्त रत्नों से सजे सोने चाँदी के हिंडोले में दर्शन देंगे ! शुद्ध गाय के घी से बने 21 हजार किलो प्रसाद से सजने वाले छप्पन भोग में सोने के वर्क के व्यंजन भी शामिल है ! गिरिराज प्रभु का श्रंगार राजाधिराज रूप में पंडित शरद मुखिया करेंगे असली हीरे मोती, नीलम, पन्ना, पुखराज, गोमिद जैसे नवरत्नों से श्रृंगार होगा प्रभू हीरा जड़ित बाँसुरी धारण करेंगे ! स्थान–स्थान पर शास्त्रीय संगीत की स्वर–लहरियों से गायन होगा गिरिराज सेवा समिति के संस्थापक मुरारी अग्रवाल ने भक्तों को दुर्लभ दर्शनों के लिए आमंत्रित किया है !

# शिक्षक का सम्मान भविष्य का निर्माण

वेलकम इंडिया/ राजेंद्र सिंह




**हापुड़।** शिक्षक केवल पुस्तकीय ज्ञान प्रदान नहीं करता ,वह हमारे जीवन की सोच, संस्कार और भविष्य गढ़ने वाला शिल्पकार होता है।जिस समाज में शिक्षक का सम्मान घटता है, वहाँ शिक्षा की गुणवत्ता और आने वाली पीढ़ियों का आत्मविश्वास भी कमजोर पड़ जाता है।यह कड़वी सच्चाई है कि कई बार अभिभावकों द्वारा शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है, कुछ विद्यालय प्रबंधन भी उन्हें उचित सम्मान देने से चूक जाते हैं। यह परिस्थिति केवल शिक्षकों को ही नहीं तोड़ती, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य पर भी प्रश्नचिह्न लगा देती है, क्योंकि जब एक शिक्षक का मनोबल टूटता है तो वह बच्चों को कभी उचित प्रेरणा, सकारात्मक ऊर्जा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं दे पाता जिसकी उन्हें सबसे अधिक आवश्यकता है।

हमें समझना होगा कि शिक्षक सामान्य व्यक्ति नहीं होते, वे विशिष्ट होते हैं। वे वह दीपक हैं जो खुद जलकर विद्यार्थियों के जीवन को रोशन करते हैं। यदि हम उनका आदर नहीं करेंगे तो अगली पीढ़ी उस रोशनी से वंचित रह जाएगी।मुझे आज भी अपने सभी शिक्षक याद हैं। उनका कठिन परिश्रम, उनकी छड़ी व डाँट, उनका स्नेह–सब मेरे जीवन की पूँजी है।

# मण्डलायुक्त, डीआईजी, डीएम तथा एसएसपी ने किया जयसिंह पुरा बाढ़ राहत शिविर का निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह, डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने शुक्रवार को जयसिंह पुरा में स्थित रूहानी आश्रम में बने बाढ़ राहत शिविर का निरीक्षण किया। वहां रह रहे लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों के लिए फल और दूध के वितरण में कमी नहीं आनी चाहिए।

मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय ने राहत शिविर में रह रहे लोगों को सामग्री खुद भी वितरित की। निर्देश दिए कि लोगों को राहत सामग्री मुहैया कराने में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाए। मंडलायुक्त ने नगर निगम तथा स्वास्थ्य विभाग को सफाई और जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए।मंडलायुक्त एवं डीआईजी ने अपने हाथों से खाना परोसा।

इसके पश्चात दोनों उच्च अधिकारियों ने बिरला धर्मशाला में बने शेल्टर होम पर बच्चों को वितरित की गई राहत सामग्री में खाद्य पदार्थ और रोजमर्रा की जरूरी चीजें शामिल थीं।

मंडलायुक्त ने कहा कि सरकार की ओर से प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान को कम करने और प्रभावितों तक समय पर राहत पहुंचाने का प्रयास किया जाए।

# जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया वृन्दावन परिक्रमा मार्ग एवं कालीदेह मंदिर के आस पास का निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने यमुना जी के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत बंगाली घाट, विश्राम घाट, राजा घाट आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने आम-जनमानस से यमुना जी के पास न जाने की अपील की। जिलाधिकारी ने लोगों की सुरक्षा हेतु लगाए गए बैरियर एवं बैरीकेडिंग का अवलोकन किया। उन्होंने अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार को निर्देश दिए कि घाटों के निकट निरंतर सतर्कता बरते तथा अनाउंसमेंट करते रहे। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि घाटों के निकट गश्त करते रहे तथा लोगों को जागरूक करते रहे तथा आम जनमानस की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उनको पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाए। उन्होंने सुरक्षा के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने श्री गीता (बिरला) धर्मशाला में स्थापित शेल्टर होम / बाढ़ शरणालय स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्वयं बाढ़ प्रभावित परिवारों को खाना खिलाया। उन्हें खाने में सब्जी, पूड़ी, हलवा, बेसन का लड्डू तथा पेठा परोसा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि किसी भी परिवार को कोई भी परेशानी नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने मेडिकल टीम की उपस्थिति को चेक किया तथा बाढ़ प्रभावित परिवारों को दिए जा रहे उपचार की जानकारी ली।

जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने वृंदावन स्थित मोदी भवन, गुरुकुल विश्वविद्यालय, मालूक पीठ आश्रम में स्थापित शेल्टर होम / बाढ़ शरणालय स्थल का निरीक्षण किया।

# सूफी संत कबीर की नगरी मगहर में दिखी गंगा जमुनी तहजीब

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** मगहर नगर में ईदमिलादुन्नबी( मोहम्मद साहब का जन्म दिन )अकीदत के साथ मनाया गया।मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम का जन्म अरबी महीना रबीउल अव्वल की 12तारीख के मौके पर शुक्रवार को बड़े ही शांति और सौहार्द के साथ जुलूस निकाला गया।जिसमें हिंदू,मुस्लिम सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जगह-जगह लोगों के लिये पानी, मीठा,चाय, रबड़ी, ठंडा, फल आदि का इंतजाम किया गया था। जगह जगह मुस्लिम भाइयों के अलावा हिन्दू भाइयों ने जुलूस का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।इस दौरान कबीर की धरती पर गंगा जमुनी तहजीब की जीती जागती मिशाल भी देखने को मिली।

गौरतलब हो कि सूफी सन्त कबीर ने देश-प्रदेश ही नहीं पूरे विश्व को शांति,साम्प्रदायिक सौहार्द,प्रेम का संदेश दिया है।जो नगर में शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय के द्वारा निकाले गये जुलूस के दौरान देखने को मिली।

ईदमिलादुन्नबी के मौके पर नगर के दारुल उलूम बरकातिया अहले सुन्नत मोईदुल इस्लाम शेरपुर,मदरसा दारुलउलूम बरकातिया अहले सुन्नत सय्यदुल उलूम सहित विभिन्न मदरसों से शांति पूर्वक जुलूस निकाला गया। नगर चेयरमैन प्रतिनिधि नूरुज्जमा अंसारी ने अपनी टीम के साथ जुलूस के साथ अंत तक चलते रहे। इसके बाद मुल्क सहित पूरी दुनिया मे सुख शांति के लिये दुआयें मांगी गयीं।इस से पूर्व जुलूस के शाही जामा मस्जिद काजीपुर चौराहे पर पहुंचते ही सामाजिक कार्यकर्ता तनवीर अहमद उर्फ पप्पू ,सभासद अवधेश सिंह,अधिशाषी अधिकारी वैभव सिंह,संजय दूबे आदि ने जुलूस का भव्य स्वागत किया। जुलूस के काजीपुर धोबी टोला पहुंचने पर सामाजिक कार्यकर्ता व हिन्दू नेता रंजीत कन्नौजिया ने अपने साथियों के साथ जुलूस का नेतृत्व कररहे कारी मोहम्मद अख्तर नसीम बरकाती को कुरान की लिखी हुई आयतों का कलेंडर भेंट कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान वहीं बैठकर कारी अख्तर नसीम बरकाती द्वारा नगर में अमन शांति,सौहार्द व हिन्दू,मुस्लिम सभी के सुख समृद्धि के लिये दुआयें मांगी।जिनमे हिन्दू मुस्लिम सभी साम्प्रदाय के लोग शामिल हुये।

## इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी ने किया शिक्षकों तथा मेधावियों को सम्मानित

**बुलंदशहर।** इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी बुलंदशहर चैप्टर के द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर महाराणा प्रताप सरस्वती विद्या मंदिर के शिक्षकों तथा मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। संस्था के कोषाध्यक्ष प्रफुल्ल चंद्रा ने बताया कि हर वर्ष शिक्षक दिवस के उपलक्ष में आदर्श शिक्षक तथा मेधावि विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाता रहा है ?।मुख्य अतिथि डॉ मनमोहन रोहिला एवं राजीव गुप्ता के द्वारा दीप- प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।प्रधानाचार्य प्रेम सिंह ने विद्यालय में किए जा रहे अभिनव प्रयासों की जानकारी प्रदान की। शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों के द्वारा शिक्षक दिवस की महत्ता के संबंध में प्रस्तुति दी गई।

## आनंदा के प्रसिद्ध शेफ कुणाल कपूर बने ब्रांड एंबेसडर फ्रोजन (रेडी-टू-ईट उत्पादों) को देंगे नया स्वाद

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह




**हापुड़।** भारत की अग्रणी डेयरी और खाद्य कंपनी आनंदा ने घोषणा की कि मशहूर शेफ और कुकिंग आइकॉन कुणाल कपूर को अपने फ्रोजन (रेडी-टू-ईट उत्पादों) के लिए ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। यह साझेदारी उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले भारतीय स्वादों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय व्यंजनों की पहचान दिलाने का एक अहम कदम है।

इस सहयोग के तहत, शेफ कुणाल कपूर विशेष रूप से आनंदा फ्रोजन (रेडी-टू-ईट उत्पादों) के लिए नई-नई रेसिपीज तैयार करेंगे, जिन्हें न केवल भारत में बल्कि विश्वभर में निर्यात किया जाएगा। इन रेसिपीज के माध्यम से उपभोक्ताओं को भारतीय व्यंजनों का प्रामाणिक स्वाद और घर जैसा अनुभव मिलेगा। आनंदा ने हमेशा से शुद्धता और गुणवत्ता को अपना मूल मंत्र माना है और इस साझेदारी के साथ कंपनी का उद्देश्य भारतीय उपभोक्ताओं को सुविधाजनक और पौष्टिक विकल्प देना है, साथ ही भारतीय स्वादों को वैश्विक स्तर पर और अधिक लोकप्रिय बनाना है।

आनंदा के चेयरमैन डॉ. राधेश्याम दीक्षित ने इस अवसर पर कहा कि हमें प्रसन्नता है कि शेफ कुणाल कपूर जैसे प्रतिष्ठित और विश्वसनीय नाम हमारे साथ जुड़े हैं। उनके अनुभव और पाक कला के प्रति समर्पण से हमारे फ्रोजन (रेडी-टू-ईट उत्पादों) को एक नई पहचान मिलेगी। हमें विश्वास है कि यह साझेदारी न केवल उपभोक्ताओं को नया अनुभव देगी बल्कि भारतीय स्वादों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर और भी सशक्त बनाएगी।शेफ कुणाल कपूर ने अपनी ओर से कहा कि आनंदा के साथ जुड़कर मुझे गर्व महसूस हो रहा है।

## डीएम, एसपी ने पीईटी की परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय और एस पी कुंवर ज्ञानेजय सिंह ने पुलिस बल के साथ जनपद में पीईटी की परीक्षा को नकल विहीन कराने को लेकर परीक्षा केंद्रो का किया निरीक्षण। आपको बता दें कि जनपद में दिनांक 6 एवं 7 सितंबर-2025 को आयोजित होने वाली ढएळ परीक्षा-2025 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सकुशल सम्पन्न कराये जाने को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत जिलाधिकारी अभिषेक पांडे, एसपी कुंवर ज्ञानेजय सिंह के द्वारा थाना हापुड़ नगर, हापुड़ देहात और पिलखुवा क्षेत्रांतर्गत परीक्षा केंद्रों का भ्रमण एवं निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। लेते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## धूमधाम से निकला ईद मीलादुन्नबी का जुलूस

हिना कमाल/वेलकम इंडिया



**मेंहदावल।** मेंहदावल तहसील क्षेत्र में शुक्रवार को जश्ने ईद मीलादुन्नबी का जुलूस काफी धूमधाम से निकाला गया।इस दौरान पूरा क्षेत्र नारे रिसालत से गुंजायमान हो गया।मुस्लिम मोहल्लों तथा गांव को झंडी पताका और स्वागत द्वार बनाकर बेहद खूबसूरती से सजाया गया था। जुलूस में उलमाए केराम के साथ कई जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

क्षेत्र के छितरापार,भिटवा, गजौली,डिघवा,कूड़ीमनमन,बभनी, परसाशेख,गंगइचा,दसांवा,सिसवा,पकरी, लौकी, भंगुरी,सिया कटाई, लोहरौली,बेलहर कलां ,बेलहर खुर्द, मझरिया पठान, लोहरसन, बेलवा मिश्र,पसनारा, समंथा, पवरिहा,पजराभीरी ,रमवापुर मिश्र, कुल्हडिया, जंगल दशहर तथा जंगल बेलहर आदि विभिन्न गांवों में हर साल की तरह इस साल भी जुलूस निकाले गए।जूलूस में अलग-अलग स्कूलों मदरसों के छात्र-छात्राओं ने शिरकत की।लोगों ने अपने अपने घरों को दुल्हन की तरह सजाया था। यह जुलूस लोहरौली चौराहे सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर पहुंचकर समाप्त हुआ।मुकामी पुलिस तथा प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। जुलूस में तमाम गणमान्य एवं जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए।

पैगम्बर-ए-इस्लाम के जन्म दिवस ईद मीलाद उन्नबी पर उत्तर प्रदेश सरकार से शराब बन्द करने की मांग की गई।इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि यदि यूपी सरकार हमारी मांगो को पूरा करती है तो यह देश व दुनिया के लिए एक बहुत बडी मिसाल कायम होगी।

पैगम्बर मुहम्मद सल्लाहो अलैहे वसल्लम किसी भी जाति विषेश के नही है बल्कि रहमतुल लिल आलमीन थे।जब तक जमीन-आसामान रहेगा उनके नाम से दुनिया के लोगो को सच्चाई व अच्छाई का मार्ग मिलता रहेगा।

## जिला स्तरीय वालीवाल प्रतियोगिता में टुम्पार की टीम को मिला गोल्ड मेडल

हिना कमाल/वेलकम इंडिया



**मेंहदावल।** मेंहदावल तहसील क्षेत्र के प्रतिष्ठित आदर्श इंटर कॉलेज कुसुरु खुर्द में आयोजित जिला स्तरीय माध्यमिक विद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता सकुशल गुरुवार को सम्पन्न हुई।जूनियर एवं सीनियर बालक वर्ग में लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज टुम्पार की टीम विजेता तथा वेणी माधव गोपीनाथ इंटर कॉलेज बखिरा और आदर्श इंटर कॉलेज कुसुरु खुर्द की टीम क्रमशः उप विजेता रही।कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक आनंद कुमार पाण्डेय तथा संचालन प्रधानाचार्य सुरेश कुमार बिन्द ने किया।

प्रतियोगिता के आयोजक आदर्श इंटर कालेज के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार बिन्द ने बताया कि प्रतियोगिता में नेशनल इंटर कालेज मूडाडीहा बेग, आदर्श कृषक इंटर कालेज सिहटीकर, बेणी माधव इंटर कालेज बखिरा, श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज टुम्पार, प्रेमचंद इंटर कालेज गोरयाघाट एव आदर्श इंटर कालेज कुसुरु खुर्द का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

जूनियर बालक वर्ग की प्रतियोगिता में श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज टुम्पार ने बेणी माधव इंटर कालेज बखिरा को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया। सीनियर बालक वर्ग का मैच आयोजक आदर्श इंटर कॉलेज कुसुरु खुर्द तथा श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज टुम्पार के बीच हुआ जिसमें टुम्पार की टीम ने कुसुरु की टीम को हराकर जीत हासिल करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। प्रतियोगिता में ग्राम प्रधान पिंटू पाण्डेय, जिला क्रीड़ा सचिव जोखू प्रसाद चौहान, मौलेन्द्र नारायण पाण्डेय, अमरजीत वर्मा, सुधीर कुमार, विजय कुमार, इन्द्रसेन राय, सेराज अहमद, अभिषेक मिश्र, श्रीकांत, तारकेश्वर प्रसाद सिंह, आनंद प्रकाश सिंह, उदय प्रताप सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सागौन की लकड़ी चोरी करने के मामले में वांछित अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव ढाना में आम के बाग में खड़े बेसकमती सागौन के पेड़ों को काटकर चोरी से ले जाने के मामले में दर्ज मु॰अ॰स॰47/25धारा,303(2),317(5)बी, एन एस में वांछित चल रहे। अभियुक्त को गिरफ्तार करने का दावा किया है।विदित रहे कि सिंभावली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव ढाना निवासी रोहित के द्वारा के 23 फरवरी 2025 को थाने में तहरीर देकर उल्लेख किया गया था कि वह कुंवर राहुल सिंह ढाना के आम के बैग की देखभाल करता है। जिसके चलते देर रात्रि में अज्ञात चोरों के द्वारा आम के बाग में खड़े सागौन के पेड़ों को अज्ञात चोर चोरी से काट कर ले गए हैं। जिसमें सिंभावली पुलिस के द्वारा पीड़ित की तहरीर के आधार पर मु॰अ॰स॰47/25 दर्ज कर मामले का खुलासा करते हुए, घटना में वांछित चल रहे। अभियुक्त हाशिम पुत्र समीम निवासी पूरनपुर गढ़ी थाना नजीबाबाद जिला बिजनौर के अन्य साथियों को चोरी की घटना में प्रयुक्त शत-प्रतिशत सागौन की लकड़ी से भरी महिंद्रा पिकअप गाड़ी को बरामद करने के साथ गिरफ्तार कर पूर्व में जेल भेजा जा चुका है।

## एम.एस.राजपूत इंटर कॉलेज में 151 शिक्षकों का शिक्षक सम्मान समारोह हुआ सम्पन

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** सर्वपल्ली राधाकृष्ण पूर्व राष्ट्रपति के जन्मदिवस के रूप में मानने वाले शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर एम.एस.राजपूत इंटर कॉलेज परिसर प्रेमनगर नगरा में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि डॉ.बाबूलाल तिवारी शिक्षक विधायकर्प्रयागराज-झाँसी खंड क्षेत्रर् व अति विशिष्ट अतिथि श्रीमती रमा आर.पी.निरंजन एम.एल.सी. झाँसी-ललितपुर-जालौन तथा विशिष्ट अतिथि श्रीमती शिवांगी प्रणय मुदगिल ने 151 शिक्षको को शिक्षा के क्षेत्र में विशेष उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उन्हें दक्षता पुरुस्कार का प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता पं.मैथिलीशरण मुदगिल वरिष्ठ समाजसेवी ने की।

सर्वप्रथम प्रमुख अतिथियो ने माँ सरस्वती जी एवं डॉ.एस.राधा कृष्णन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया उसके पश्चात दीपप्रज्जलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रूप विद्यालय प्रबंधक ठा.अरुण सिंह,रामआसरे गुप्ता वरिष्ठ समाजसेवी,आनंद कुमार सक्सेना चीफ वार्डेन नागरिक सुरक्षा कोर झाँसी,अनिल तिवारी आदि लोग उपस्थित रहें।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ.बाबूलाल तिवारी शिक्षक विधायकर्प्रयागराज-झाँसी खंड क्षेत्रर् व अति विशिष्ट अतिथि श्रीमती रमा आर.पी.निरंजन एम.एल.सी. झाँसी-ललितपुर-जालौन तथा विशिष्ट अतिथि श्रीमती शिवांगी प्रणय मुदगिल सहित अतिथियों को माला पहनाकर एवं बेच लगाकर स्वागत सम्मान ऋषभ सिंह,रोहन सिंह,वैभव सिंह,ए. सलीम खान,नजाकत अली हाशमी ने किया उसके पश्चात संबोधन में डॉ.बाबूलाल तिवारी शिक्षक विधायक ने कहा कि गुरु समाज का पथप्रदर्शक होता है वह बच्चों को ज्ञान के साथ जीवन जीने की कला भी सिखाता है ने कहा कि शिक्षक रूपी गुरु बाल अवस्था के उपरांत जब बच्चे की उम्र शिक्षा ग्रहण करने की होती है तो उसको पाठशाला में भेज दिया जाता है।

## घर में घुसकर दबंगों ने की पड़ोसियों के साथ मारपीट, मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में मामूली विवाद को लेकर मारपीट हो गई एक व्यक्ति ने चार लोगों पर उसके घर में घुसकर पीड़ित सहित उसके परिवार की महिलाओं के साथ मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी सलेंक चंद ने बताया कि उसके पड़ोसी पीड़ित व उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। आरोप है की विगत गुरुवार की दोपहर को पीड़ित अपने परिवार सहित घर पर बैठा हुआ था। तभी उसके पड़ोसी फिरोज,मुस्कान, शेर एवं फारूक हाथों में लाठी डंडे और धारदार हथियार लेकर घुस गए। और जमकर मारपीट की आरोपियों ने उसकी पत्नी शिक्षा व भाभी छोटी पत्नी सिकंदर बीच बचाव करने लगी तो उनके साथ भी लाठी डंडों से जमकर मारपीट की।

## महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शिक्षक दिवस पर छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



वेलकम इंडिया

**कांधला।** (मोहसीन रहमानी) नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन सांस्कृतिक समिति, सद्भावना कल्चरल क्लब एवं रेंजर्स विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. बृजभूषण ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति व महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा प्राध्यापक गण डॉ. बृजेश कुमार राठी, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. पंकज चौधरी, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. अंकिता त्यागी व डॉ. श्याम बाबू ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।समारोह के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय मेरे जीवन में मेरे शिक्षक का महत्व रहा। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। परिणामस्वरूप जुवेरिया, बी.ए. तृतीय वर्ष प्रथम स्थान पर रहीं। द्वितीय स्थान पर अफ्शा बी.ए. तृतीय वर्ष एवं पलक बी.एस.सी. प्रथम वर्ष ने स्थान प्राप्त किया जबकि तृतीय स्थान पर मुस्कान एवं महविश बी.ए. तृतीय वर्ष रहीं। प्रतियोगिता का संचालन रेंजर्स प्रभारी डॉ. अंकिता त्यागी ने सफलतापूर्वक किया।

## मऊरानीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**झांसी।** जिला अधिकारी के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट प्रमोद झा ने मऊरानीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, डॉक्टरों की उपस्थिति, पार्किंग व्यवस्था, कचरा निस्तारण तथा लंबे समय से खड़ी खराब गाड़ियों की स्थिति का बारी की से जायजा लिया। सिटी मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट चेतावनी दी कि अस्पताल में पाई गई सभी कमियों को जल्द से जल्द दूर किया जाए। साथ ही जो आवश्यक व्यवस्थाएं अधूरी हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय सीएमएस अंशुमन तिवारी, तहसीलदार ललित कुमार पांडे, अधीक्षक आर.जे. सिंह, डॉ. देशराज राजपूत तथा नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सर्वेश कुमार सहित स्वास्थ कर्मचारी मौजूद रहे।

## रंजिश के चलते मारपीट करने पहुंचे महिला परुषों का वीडियो वायरल

वेलकम इंडिया



**कांधला।** (मोहसीन रहमानी) थाना क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी में युवती भागने को लेकर चल रही रंजिश के चलते शुक्रवार को दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई एक व्यक्ति ने आधा दर्जन से अधिक महिला, पुरुषों को उसके घर पर पहुंचकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को वीडियो फुटेज एवं तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी निवासी मोनू कुमार पुत्र दयाराम ने बताया कि कई महा पूर्व उसके पड़ोस का युवक मनीष उसके भाई की साली को लेकर फरार हो गया था। पीड़ितों के द्वारा थाने पर अभियोग दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की गई थी। पीड़ित का आरोप है कि उसके पड़ोसी तभी से पीड़ित सहित उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। पीड़ित का आरोप है कि रंजिश के चलते आरोपी अपने परिवार के आधा दर्जन से अधिक महिला,पुरुषों के साथ पीड़ित के घर पर पहुंचा और हथियारों से हमला बोल दिया। पीड़ित ने आरोपियों के द्वारा की गई हरकत का वीडियो अपने मोबाइल में बना लिया पीड़ित व्यक्ति ने थाने पहुंचकर आधा दर्जन से अधिक महिला,पुरुषों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर पुलिस को वीडियो फुटेज के आधार पर कार्रवाई की मांग की है।

## अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसे के बाद अज्ञात में मुकदमा दर्ज

**कांधला।** क्षेत्र के किवाना मार्ग पर चार दिन पूर्व युवक का शव मिला था। पुलिस में शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया था। मृतक युवक के परिजनों ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। कस्बे के किवाना मार्ग पर चार दिन पूर्व कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी 25 वर्षीय आलम पुत्र शब्बीर का शव मिला था। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव का पंचनामा भरकर कर पीएम के लिए भेज दिया था। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया था। मृतक युवक का शव पीएम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया था। मामले में मृतक युवक के परिजनों ने शुक्रवार को थाने पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## शुभंकर वेल्फेयर सोसाइटी उप्र के तत्वाधान में किया सम्मान समारोह का कार्यक्रम

वेलकम इंडिया फतेह खन

**अयोध्या रुदौली।** शुभांकर वेल्फेयर सोसायटी ने प्रोफेसर,सहायक प्रो0, प्रधानाचार्य ,प्रवक्ता, सहायक अध्यापक, शिक्षामित्र को किया सम्मानित सर सैय्यद मिशन कोचिंग सेंटर रुदौली अयोध्या के सेमिनार हाल में उपस्थित मुख्य अतिथि साकेत पी0जी0 कालेज अयोध्या के वनस्पति विभागाध्यक्ष प्रो0 एफ.डी.यादव व अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक विद्यालय अयोध्या के जिला अध्यक्ष अवधेश यादव जनमोर्चा के सह सम्पादक सूर्य नारायण सिंह 'प्रकाश' व रुदौली प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अशोक यादव ने संयुक्त रूप से सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया मुख्य अतिथि प्रो0 यादव ने कहा कि सभागार में उपस्थित व उनसे जड़े हुये सभी महानुभाव लोगों को शिक्षा के मूल्यो को समझते हुयेआप्ने जीवन मे आत्मसात करना चाहिए तभी एक अच्छे इन्सान एक अच्छे समाज एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है उसमे शिक्षक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है यह शिक्षक के नेतृत्व में यह सब सम्भव है ।अतिथ के रूप में अवधेश यादव ने कहा की शिक्षा मे अंको के साथ साथ शिक्षा गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए जो मनुष्य के मे जीवन मे विषम परिस्थितियों मे उसके लिये खेवन हार बन कर सफलता के अनेक रास्ते खोलती है।

अशोक यादव जी ने कहा कि सभी शिक्षक राष्ट्र के निर्माण में लगे हैं मै उनको धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। सह सम्पादक सिंह ने कि छात्र के जीवन मे शिक्षक एक अहम रोल निभाता है सोसायटी के प्रबंधक रमेश कुमार यादव ने कहा कि शिक्षा मानव को विभिन्न मुकाम पर पहुचाती है शिक्षक के द्वारा हमे प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष समाज के सभी लोगों को शिक्षा मिलती रह्ती है शुभांकर वेल्फेयर सोसायटी के द्वारा शिक्षको को सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन नासिर जलालपुरी वा आलोकेश रंजन ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव कोषाध्यक्ष उमाकान्त वर्मा,कार्यक्रम प्रभारी तंजीम फतिमा ,वरिष्ठ सदस्य अकील अहमद , वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र यादव, अमर बहादुर,अमरनाथ अखिलेश यादव इत्यादि लोग उपस्थित रहे। शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार भी हुए सम्मानित सम्मानित पत्रकार साथियों में अयोध्या जनपद से आए जनमोर्चा के वरिष्ठ पत्रकार सूर्य नारायण सिंह, हिंदी दैनिक अचल वार्ता के ब्यूरो चीफ वीरेंद्र यादव धर्मेंद्र यादव संदीप कुमार (हिंदी दैनिक वेलकम इंडिया फतेह खान) व दर्जनों पत्रकार सम्मानित किए गए।

# धर्मांतरण कराने वाले गिरोह का दूसरा मदरसा भी अवैध, सदस्यों की तलाश में जुटी पुलिस

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



बरेली। धर्म परिवर्तन गिरोह का दूसरा मदरसा भी पुलिस की जांच में अवैध निकला है। पहले भुता के मदरसे का रिकॉर्ड नहीं मिला था, अब करेली के मदरसे का भी ऐसा ही हाल सामने आया है। पुलिस दोनों मदरसों की कमेटियों में शामिल सदस्यों की तलाश कर रही है। दस दिन पहले धर्मांतरण मामले में एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने खुलासा कर चार आरोपियों को कोर्ट में पेश किया था। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया था।

आपको बता दें कि अलीगढ़ निवासी अखिलेश कुमारी ने इस मामले में भुता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहां के फैजनगर गांव के मदरसे से जुड़े मामले में उनके जन्मांध बेटे जीआईसी प्रवक्ता प्रभात उपाध्याय को दूसरी शादी का झांसा देकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। मदरसा संचालक ग्राम फैजनगर निवासी मुख्य आरोपी अब्दुल मजीद, सुभाषनगर के करेली निवासी सलमान, मोहम्मद आरिफ और सैदपुर चुन्नीलाल भोजीपुरा निवासी मोहम्मद फईम जेल भेजे गए थे। कुछ दिन पहले फैजनगर स्थित मजीद का मदरसा अल्पसंख्यक विभाग की जांच में अवैध पाया गया था। अब करेली के मदरसे का भी रिकॉर्ड नहीं मिला है। यह मदरसा आरिफ चलाता था। उसका सहयोगी करेली निवासी ब्रजपाल था, जो धर्म परिवर्तन कर चुका था। धर्मांतरण मामले के पांचवें आरोपी रहपुरा चौधरी गांव निवासी महमूद बेग को पुलिस अब तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पुलिस उसे वांछित बता रही है, वहीं उसकी पत्नी ने उसे पुलिस की हिरासत में होने का आरोप लगाकर हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दाखिल की है। आरोप लगाया कि 20 अगस्त को सादा कपड़ों में आई पुलिस उनके पति को ले गई थी। उन्हें डर है कि पुलिस उनका एनकाउंटर न कर दे। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जफीर अहमद व सलिल कुमार राय ने पुलिस अफसरों से इस संबंध में जानकारी मांगी है।

एसएसपी को निर्देश आठ सितंबर को व्यक्तिगत रूप से हाईकोर्ट में उपस्थित होने और आरोपी को भी तलाश करके पेश करने का आदेश दिया है। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित टीम महमूद बेग की तलाश में जुटी हुई है। जमीयत उलमा के राष्ट्रीय सचिव नियाज अहमद फारुकी ने बताया कि बरेली से धर्मांतरण के मामले में महमूद बेग व हाफिज आकिल को हिरासत में लेने की जानकारी मिली थी। इन दोनों के परिजन उनके संगठन के अध्यक्ष महमूद मदनी से मिले थे। आरोप लगाया था कि एसओजी उनका एनकाउंटर कर सकती है। अध्यक्ष ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के सीनियर वकील मुख्तार आलम से बात की। हाफिज आकिल के परिवार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में शिकायत दर्ज कराई।

## सवारी बनकर बैठा पुलिसकर्मी का बेटा, टेंपो लेकर हुआ फरार, मुकदमा दर्ज

बरेली। रेलवे जंक्शन से सवारी बनकर बैठा एक युवक अचानक टेंपो लेकर फरार हो गया। टेंपो चालक ने अपने टेंपो की काफी खोजबीन की, लेकिन जब उसे गाड़ी का कुछ पता नहीं चला तो पुलिस में तहरीर दी। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी युवक राजकुमार, सुभाष नगर निवासी और पूर्व पुलिसकर्मी का बेटा निकला। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बिथरी के भिंडोलिया निवासी दोनों पैरों से दिव्यांग मिराज बेग ने बताया है कि उसने एक ऑटो खरीदा था, जिसे उसका भाई चलाता है। 29 अगस्त को सुबह रेलवे जंक्शन पर सवारी छोड़ने गया तो वहां राजकुमार नाम का युवक मिला, जो खुद भी ऑटो चलाता है और पहले से परिचित है। उसने घर छोड़ने की बात कही। जैसे ही ऑटो सरन अस्पताल के पास पहुंचा, मिराज पेशाब के लिए रुका और ऑटो से उतर गया। इसी बीच राजकुमार ने मौका पाकर ऑटो स्टार्ट किया और फरार हो गया।

# प्रधान और पूर्व प्रधानपति वायरल वीडियो विवाद मे पूर्व प्रधान के घर पहुची पुलिस

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



प्रतापगढ़। लालगन्ज थानान्तर्गत पूर्व ग्राम प्रधानपति पूरे बीरबल के घर जनपद की लालगन्ज पुलिस दोपहर मे पहुँची। जहां पुलिस बल के पहुचने पर मौके पर प्रधानपति तो न मिले। लेकिन पुलिस बल से पूर्व प्रधान ने घर आने का कारण पूछा जिससे पुलिस बल सग उनकी मामूली बहस के बाद पुलिसबल वापस लौट गया।

जनपद के ब्लॉक रामपुर सग्रामगढ की पूरे बीरबल ग्रामसभा के पूर्व प्रधानपति व वर्तमान ग्राम प्रधान रज्जन मिश्रा पर लगभग तीन वर्षो से हर दिन कभी ब्लाक तो कभी तहसील तो कभी जिले के अधिकारी तो कभी जनसुनवाई पोर्टल पर गौशाला तथा मनरेगा व अन्य विकास कार्यो मे भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोप लगा प्रार्थना पत्र लगातार दिए। बताया जाता है पूर्व प्रधान पति द्वारा ग्राम प्रधान के विरुद्ध दिए प्रार्थना पत्रो की सख्या हजारों मे है। यही नही पूर्व प्रधानपति प्रमोद पाण्डेय ने ग्राम प्रधान रज्जन मिश्रा के कुछ करीबियो पर भी तालाब चारागाह की जमीनो पर अतिक्रमण के नाम पर शिकायतें दर्ज करायी लेकिन परिणाम बस जाच और जांच आख्या तक सिमट कर रह गया। गौशाला जैसे संवेदनशील शिकायती पत्र की जाच मे यदि एक अधिकारी ग्राम प्रधान को जाच मे दोषी बताता तो ज्यादातर पुनर्परीक्षण मे ग्राम प्रधान दोषमुक्त करार दिए जाते रहे।

ग्रामीणजन कहते है लगातार शिकायतो के बाद भी सारी शिकायत सिर्फ जाच और जाच आख्या तक सिमटने से पूर्व प्रधानपति प्रमोद पाण्डेय ने अमना धैर्य और मानसिक सन्तुलन गवा दिया और लगभग हर दिन जागरुकता के नाम पर फेसबुक वाट्सेप पर वीडियो अपलोड करने लगे। जिसमे ज्यादातर वीडियो मे प्रमोद पाण्डेय ग्राम प्रधान रज्जनमिश्र उनके परिवार व उनके सहयोगियों को अमर्यादित शब्दो से सम्बोधित करने लगे। कहा जाता है कि काफी दिन तक ग्राम प्रधान ने खामोशी अख्तियार की। अन्ततः उनका भी धर्य जवाब दे गया और उनकी करीबियो सग चर्चा के बाद उन्होने पिछले दिनो सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के विषय मे स्थानीय थाने मे शिकायत की।

# घर की दीवार फांदकर घुसे चोर... लाखों के जेवर और नकदी ले उड़े

वेलकम इंडिया/सूरज मौर्य



बरेली। अलीगंज थाना क्षेत्र के सिरसा गांव में चोरों ने घर की दीवार फांदकर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना के बाद पीड़ित ने मामले की सूचना 112 नंबर पर दी, लेकिन चोरों का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। जानकारी के अनुसार कुलदीप शर्मा पुत्र रामनिवास शर्मा निवासी सिरसा थाना अलीगंज ने बताया है कि बीती रात अज्ञात चोर दीवार फांदकर घर में घुसे और अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी कीमती ज्वेलरी और नकदी चोरी कर ले गए। उन्होंने बताया चोर एक सोने की चैन लगभग 10 ग्राम, सोने की झुमकी लगभग 10 ग्राम, सोने का ब्रेसलेट लगभग 5 ग्राम, सोने की अंगूठी लगभग 15 ग्राम, सोने की पायल लगभग 8 ग्राम, चांदी के सिक्के लगभग 50 ग्राम, अन्य कीमती सामान लगभग 50 ग्राम और 6,000 हजार रुपए नकदी भी ले उड़े। सुबह उठने पर चोरी का पता चला। इसके बाद पीड़ित ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पीड़ित का कहना है कि काफी तलाश करने के बाद भी चोरी गए सामान का कोई पता नहीं चला। पुलिस का कहना है कि मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# बाइक साइड लगने को लेकर ईंट भट्ठा मुनीम के साथ मारपीट



कांधला। कस्बे के रेलवे मार्ग पर बाइक की साइड लगने को लेकर एक युवक ने भट्ठा मुनीम के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया पीड़ित मुनीम ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपी बाइक सवार के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव झाल निवासी पप्पन पुत्र धर्मवीर थाना क्षेत्र के गांव भारसी ईंट भट्ठे पर मुनीम है। शुक्रवार को मुनीम बाइक पर सवार होकर कस्बे की दोनों नहरों के बीच चाट की दुकान से समोसे खरीदने के लिए आया हुआ था और समोसे खरीद कर वापस जा रहा था। पीड़ित के अनुसार जैसे ही वह बड़ी नहर पुल के समीप पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रही बाइक सवार की साइड लग गई साइड लगने का मुनीम ने विरोध किया तो आरोप हैं बाइक सवार ने हाथों में पहने हुए लोहे के कड़े से पीड़ित मुनीम के सर में हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शौर शराब होने पर आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पीड़ित मुनीम ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपी बाइक सवार के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस तलाश में जुटी हुई है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



कांधला। थाने पर तैनात महिला पुलिस कर्मियों ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत नगर के मुख्य चौक, बाजारों, प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पहुंचकर महिलाओं को जागरूक किया। इस दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी और सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। महिला हेड कांस्टेबल मिथलेश ने मौके पर मौजूद महिलाओं को बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या या छेड़छाड़ की स्थिति में महिलाएं तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 और 1098 पर संपर्क कर सकती हैं। इस मौके पर महिला पुलिसकर्मी ने कई महिलाओं को पंपलेट भी बांटे और उन्हें जागरूक रहने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने भी महिला पुलिसकर्मी की इस पहल की सराहना की और भरोसा जताया कि इस प्रकार के अभियान से समाज में महिलाओं का आत्मविश्वास और बढ़ेगा।

# शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया बराबफात का जुलूस

शिकारपुर। अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव खेलिया कलियानपुर में पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाला गया बरावफात का जुलूस। शिकारपुर क्षेत्राधिकारी मधुप कुमार सिंह व थाना प्रभारी निरीक्षक अहमदगढ़ प्रेमचंद शर्मा सहित पूरा पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। गांव खेलिया कलियानपुर के मुस्लिम समाज के लोगों ने भी अपने इस त्यौहार को पूरे हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मनाते हुए पूरे गांव में जुलूस को पुलिस की मौजूदगी में निकाला गया।

# शिक्षक दिवस के अवसर पर सेवानिवृत शिक्षकों को बरेली के सांसद द्वारा किया गया सम्मानित

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




बरेली। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बरेली द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी 5 सितम्बर के दिन को देश के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के रूप में मनाया गया। संगठन ने इस बार शिक्षक दिवस का आयोजन बरेली के ओशी बैंक्वेट हॉल, 100 फुटा रोड पर आयोजित किया।

इस कार्यक्रम में बरेली के सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार को मुख्य अतिथि के रूप आमंत्रित किया गया वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में फरीदपुर विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल, नवाबगंज विधायक डॉ. एम पी आर्य के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत कुमार व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह को आमंत्रित किया गया। शिक्षक दिवस के इस मौके पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख रखे दीप को प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस मौके पर सभी सम्मानित अतिथिगणों ने बारी-बारी से मां सरस्वती और डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार द्वारा सभी उपस्थित सेवानिवृत शिक्षकों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा को केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम ही नहीं माना, बल्कि इसे सामाजिक परिवर्तन का सबसे शक्तिशाली हथियार बताया। उन्होंने कहा था कि शिक्षा वह शस्त्र है जिससे समाज को बदला जा सकता है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की तरफ से प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार, मांडलिक मंत्री के सी पटेल, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेमपाल गंगवार, जिला कोषाध्यक्ष योगेश गंगवार, जिला मंत्री बलबीर सिंह के साथ सेंकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

## बाइक सवार बदमाशों ने पिता पुत्र सुनार से की लाखों के गहनों की लूट

बुलंदशहर। शुक्रवार शाम को अशोक (उम्र-50 वर्ष, पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम बुगरासी थाना नरसैना जनपद बुलन्दशहर, जोकि सोने-चांदी का व्यवसाय करते हैं, अमरोहा स्थित अपनी दुकान से अपने पुत्र टिंकू के साथ स्कूटी से वापस आ रहे थे तभी रास्ते में 02 बाइक पर सवार अज्ञात अभियुक्तगण द्वारा व्यापारी से चांदी के आभूषण का बैग छीन लिया गया व अमरोहा की ओर भाग गये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षक किया गया है। स्वाट टीम, सर्विलांस टीम, फील्ड यूनिट घटनास्थल पर मौजूद हैं। घटना के अनावरण हेतु टीमे गठित की गयी है। जनपद अमरोहा पुलिस को घटना के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए उनका भी सहयोग प्राप्त किया जा रहा हैं। आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को चैक किया जा रहा है।

# सिविल सोसायटी ने अनशक्ति आश्रम में मनाया शिक्षक दिवस



वेलकम इंडिया

गरुड़, दिनेश नेगी। सिविल सोसायटी गरुड़ द्वारा अनशक्ति आश्रम कौसानी में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस मौके पर सर्वपल्ली राधाकृष्णनको याद करते हुए उनके जन्मदिन के पर उन्हें याद करते हुए दी श्रद्धांजली देते हुए उनके सिद्धांतो को अपने जीवन मे आत्मसात करने की प्रेरणा ली गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुएविख्यात फिलॉस्फर भुवन पाठक ने अनाशक्ति आश्रम और गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी के नाम से कौसानी आज विश्व भर में विख्यात है. गांधी की शिष्या रही सरला बहन का बड़ा योगदान राष्ट्रीय आंदोलनों में रहा है। आज हम सर्वपल्ली राधा कृष्णन के शैक्षणिक योगदान पर चर्चा कर रहे हैं जो महत्वपूर्ण घटना है. वर्तमान दौर में शिक्षा सिर्फ रोजगार का माध्यम नहीं है शिक्षा जीवन मूल्यओं को समझने की दृष्टि भी देती है. शिक्षा का बढ़ता बाजारवाद नुकसान दायक भी है। सरकारी शिक्षा की स्थिति संतोषजनक नहीं है। सरकारी स्कूल धीरे धीरे बंद हो रहे हैं शिक्षकों के आंदोलन अब आम बात हो गए हैं. ऐसे में बच्चों की शैक्षणिक स्थिति कमजोर हो रही है।

# उपज पत्रकार संगठन का चुनाव संपन्न

## अजय चौधरी अध्यक्ष, ललित ठाकुर महामंत्री, विश्वास राणा निर्विरोध कोषाध्यक्ष निर्वाचित

वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी



मेरठ। उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (उपज) संबद्ध नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया [ट्रेड यूनियन पंजीकृत संगठन] के नियमावली अनुसार शुक्रवार को जिला स्तरीय चुनाव संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया रोडवेज बस अड्डे के सामने दिल्ली रोड स्थित चैंबर ऑफ कॉमर्स में जिला निर्वाचन अधिकारी वरिष्ठ पत्रकार जगमोहन शाकाल की देखरेख में सम्पन्न कराई गई।

जिला अध्यक्ष पद पर अजय चौधरी और पवन शर्मा ने दावेदारी की थी। महामंत्री पद के लिए ललित ठाकुर, लियाकत मंसूरी और लोकेश कुमार मैदान में थे, जबकि जिला कोषाध्यक्ष पद पर विश्वास राणा ने नामांकन किया था।

चुनाव में कुल 106 सदस्यों में से 70 ने मतदान किया। इस प्रकार 67 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान से पहले आम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें पिछले तीन वर्षों की गतिविधियों पर चर्चा की गई और संगठन की भावी रणनीति तय की गई।

महामंत्री पद पर ललित ठाकुर ने 47 मत हासिल करके बहुमत से जीत दर्ज की। जबकि लियाकत मंसूरी को 8 और लोकेश कुमार को 2 वोट प्राप्त हुए। इस पद पर 13 मतपत्र निरस्त किए गए।

जिला अध्यक्ष पद पर अजय चौधरी को 65 वोट मिले, जबकि पवन शर्मा को केवल 2 वोट मिले। 3 मतपत्र निरस्त घोषित किए गए। जिला कोषाध्यक्ष पद पर विश्वास राणा निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद निर्वाचित जिला अध्यक्ष अजय चौधरी, महामंत्री ललित ठाकुर और कोषाध्यक्ष विश्वास राणा को निर्वाचन अधिकारी जगमोहन शाकाल ने प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# नगर निगम में शिक्षक दिवस पर हुआ आयोजन



वेलकम इंडिया/समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ। नगर निगम लखनऊ द्वारा शुक्रवार को त्रिलोखनाथ हॉल में शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद आदरणीय डॉ. दिनेश शर्मा उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने उद्बोधन में शिक्षकों की महत्ता पर प्रकाश डाला। महापौर खर्कवाल ने अपने संबोधन में कहा कि गुरुजन ही हमारे जीवन के असली मार्गदर्शक होते हैं। वे हमें न केवल शिक्षा प्रदान करते हैं बल्कि संस्कार और जीवन जीने की सही दिशा भी बताते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों को नमन करते हुए उन्हें समाज निर्माण की आधारशिला बताया।

इस अवसर पर पार्षद दल के उपनेता सुशील तिवारी 'पम्मी', कार्यकारिणी सदस्य गौरी सांवरिया, पार्षद आशीष हितैषी, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त, पूर्व पार्षद पाल सांवरिया एवं उप नगर आयुक्त रश्मि भारती सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने शिक्षकों को समाज के सच्चे पथप्रदर्शक और राष्ट्र निमार्ता के रूप में सम्मानित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम में नगर निगम के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इनमें अटल बिहारी वाजपेई नगर निगम डिग्री कॉलेज, कश्मीरी मोहल्ला मॉडल मॉन्टेसरी स्कूल, मॉडल मॉन्टेसरी स्कूल, म्युनिसिपल गर्ल्स इंटर कॉलेज कश्मीरी मोहल्ला, चिल्ड्रन पैलेस म्युनिसिपल नर्सरी स्कूल और अमीनाबाद इंटर कॉलेज के शिक्षकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# आपदा की घड़ी में जिला प्रशासन आपदा प्रभावितों की मदद हेतु नही करेगा कोई कोरकसर : जिलाधिकारी




वेलकम इंडिया

बागेश्वर, गोविन्द मेहता। जिले के कपकोट विधानसभा केपौसारी, बैसानी और सुमटी गांवों में आपदा से हुए नुकसान को लेकर जिला प्रशासन एक सजग प्रहरी की तरह आपदा प्रभावितों को हर संभव सहयोग प्रदान करने हेतु लगातार जुटा हुआ है। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पौसारी, बैसानी और सुमटी के प्रधानों एवं ग्रामवासियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रभावितों की हर संभव मदद प्राथमिकता पर की जाएगी और किसी भी पात्र व्यक्ति को लाभ से वंचित नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीमें डॉग स्क्वॉड, ड्रोन और विक्टिम लोकेटिंग कैमरा जैसी अत्याधुनिक तकनीकों से लगातार खोजबीन कर रही हैं। प्रभावित परिवार यदि किसी तरह की व्यक्तिगत क्षति का विवरण प्रशासन को उपलब्ध कराते हैं तो उसकी जांच कर शीघ्र मुआवजा वितरण सुनिश्चित किया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने नशा मुक्त अभियान को लेकर अधिकारियों की ली बैठक

वेलकम इंडिया




बागेश्वर, गोविन्द मेहता। जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में मादक पदार्थों की रोकथाम एवं नशा मुक्ति अभियान के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में चलाए जा रहे नशा मुक्त उत्तराखण्ड अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों को ठोस दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में एंटी-ड्रग कमेटी सक्रिय रूप से कार्य करें तथा बच्चों और युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया जाए। सभी विभाग झ शिक्षा, स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण झ आपसी समन्वय के साथ इस मुहिम को गति दें। उन्होंने निर्देश दिए कि भारत सरकार द्वारा जारी नेशनल टोल फ्री डी-एडिक्शन नम्बर 14446 के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को जानकारी दी जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम स्तर तक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा सोशल मीडिया, पोस्टर, बैनर, स्टैंडीज, पम्पलेट एवं विभिन्न माध्यमों से व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाए।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि भांग एवं अवैध मादक पदार्थों की खेती का विनिष्टीकरण अभियान युद्ध स्तर पर जारी रखा जाए और इस कार्यवाही में राजस्व, वन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें सक्रिय रूप से कार्य करें। पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोरके ने बताया कि जनपद के समस्त मेडिकल स्टोर्स पर 100 प्रतिशत सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही मादक पदार्थों से सम्बन्धित अपराधियों के नेटवर्क को ध्वस्त करने हेतु सूचनाओं का संकलन कर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। स्कूलों/कॉलेजों में पेन्टिंग एवं निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित कर बच्चों को जागरूक किया जाएगा। सरकारी एवं निजी हॉस्टलों, पीजी, होटल, ढाबों एवं अन्य स्थानों पर आकस्मिक चेकिंग की जाएगी।

इस दौरान, पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़खे, प्रभागीय वनाधिकारी आदित्या रत्ना, पुलिस उपाधीक्षक अजय साह, बाल कल्याण समिति के सदस्य अशोक लोहुमी, एसओजी प्रभारी सलाउद्दीन, आनन्द लाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आर.के.जी.आई.टी. में नेक्सजेन हैकाथॉन 2025 का भव्य उद्घाटन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद, ( अनिल वशिष्ठ)।** राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गाज़ियाबाद में आज नेक्सजेन हैकाथॉन 2025 का शुभारंभ बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में देशभर से प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएँ भाग ले रहे हैं, जो अपने नवाचारों और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन करेंगे। उद्घाटन समारोह में संस्थान के अध्यक्ष दिनेश गोयल, उपाध्यक्ष अक्षत गोयल, सलाहकार लक्ष्मण प्रसाद, कार्यकारी निदेशक डॉ. डी.के. चौहान, निदेशक डॉ. बी. सी. शर्मा, तथा डॉ. रमेंद्र सिंह (डीन एक्रेडिटेशन) सहित सभी डीन और वरिष्ठ प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के आई.टी. एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा रहे। उन्होंने अपने संबोधन में सरकार की स्टार्ट-अप नीति के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को स्टार्ट-अप एवं उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्थान के उपाध्यक्ष श्री अक्षत गोयल जी ने घोषणा की कि आगामी नेक्सजेन हैकाथॉन कृषि विषय पर आधारित होगा, ताकि विद्यार्थी तकनीक के माध्यम से कृषि क्षेत्र में नए समाधान प्रस्तुत कर सकें। वहीं, संस्थान के अध्यक्ष दिनेश गोयल ने सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस भव्य उद्घाटन के साथ ही हैकाथॉन की शुरूआत हुई, जिसमें आने वाले 36 घंटों तक प्रतिभागी दल वास्तविक समस्याओं के समाधान हेतु नए-नए विचार और तकनीकी समाधान प्रस्तुत करेंगे।



# लायंस क्लब मोदीनगर राइजिंग स्टार ने किया प्रधानाचार्य को सम्मानित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ)।** शिक्षक दिवस पर डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के लिए लायंस क्लब मोदीनगर राइजिंग स्टार की पदाधिकारियों ने प्रधानाचार्य को प्रशस्ति पत्र और पटका पहनाकर सम्मानित किया।उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों से शिक्षा के क्षेत्र में मोदीनगर क्षेत्र और उसके आसपास के क्षेत्र के सभी छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय प्रयास के लिए सम्मानित किया और इसी तरह आगे भी क्षेत्र के बच्चों को अपने प्रयासों से उनके लक्षय तक पहुंचाने में अथक प्रयासों से क्षेत्र की जनता लाभान्वित होती रहे ऐसी कामना भी की। प्रधानाचार्य को धन्यवाद दिया और आगे भी इसी तरह अपने कार्यों के द्वारा छात्रों ही नहीं समाज को भी जागरूक करने के लिए और प्रेरित किया। इससे पहले भी जनपद की अनेक सामाजिक संस्थाओं द्वारा प्रधानाचार्य को शिक्षा ,पर्यावरण और विज्ञान के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए अनेक बार सम्मानित किया जा चुका है। प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने लायंस क्लब मोदीनगर राइजिंग स्टार की संरक्षिका श्रीमती वर्षा गुप्ता ,सचिव श्रीमती एकता अग्रवाल ज्योत्सना चौधरी उनकी समस्त टीम का आभार व्यक्त किया और कहा यह केवल मेरा ही सम्मान नहीं पूरे विद्यालय परिवार का सम्मान है।

# मॉडर्न कॉलेज में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आनंद औद्योगिक क्षेत्र, मोहन नगर स्थित मॉडर्न कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह आयोजन महाविद्यालय की सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम समिति तथा भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11:30 बजे महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) निशा सिंह, सचिव श्री विनीत गोयल एवं सभी विभागाध्यक्षों द्वारा माँ सरस्वती और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण से किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने स्वागत भाषण द्वारा प्राचार्या, सचिव, विभागाध्यक्षों और सभी शिक्षकों का हार्दिक अभिनंदन किया। छात्र-छात्राओं ने गुरु वंदन, कविताओं, उद्बोधनों, गीतों और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपने शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को विशेष उपाधियाँ प्रदान कर उन्हें सम्मानित भी किया। अपने संबोधन में प्राचार्या प्रो. (डॉ.) निशा सिंह ने शिक्षकों की भूमिका को समाज निर्माण की आधारशिला बताते हुए कहा कि एक शिक्षक का सही मार्गदर्शन शिष्य के जीवन की सफलता में निर्णायक भूमिका निभाता है। शिक्षकों को सदैव शैक्षणिक गुणवत्ता को बनाए रखने और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।

# महिला पंजाबी संगठन की पदाधिकारियो ने शिक्षकों का किया सम्मान

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर एवं लायंस क्लब मोदीनगर उड़ान इंटरनेशनल की ओर से आज एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर संगठन की टीम ने छाया पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल अरुण त्यागी का विशेष रूप से सम्मान किया। डॉ अरुण त्यागी न केवल एक कुशल और प्रेरणादायक शिक्षक हैं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व भी कर चुके हैं। संगठन द्वारा उन्हें शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात विवेक एजुकेशनल सोसाइटी की प्रबंधक मधु सिंघल, निदेशक विशाल सिंघल एवं प्रिंसिपल डॉ. प्रीति शर्मा को भी सम्मानित किया गया।इस अवसर पर महिला पंजाबी संगठन की अध्यक्ष डॉ. शालिनी नैयर ने शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ॢशिक्षक हमारे जीवन के पथ प्रदर्शक होते हैं, जो हमें सही दिशा दिखाते हैं।कार्यक्रम में संगठन की सदस्यों अंजली सचदेवा, गीता मोहन अरोड़ा, चरणजीत कौर, मीना चावला, विशाखा मित्रा ,रोसी आनंद एवं कोमल की विशेष उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर शिक्षकों के योगदान का सम्मान किया और उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।






# ललित त्यागी एडवोकेट को विधान परिषद स्नातक चुनाव का विधानसभा क्षेत्र संयोजक नियुक्त

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ)।** नगर पालिका के सभासद एवं अधिवक्ता सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले ललित त्यागी एडवोकेट को आगामी विधान परिषद स्नातक चुनाव हेतु भाजपा ने विधानसभा क्षेत्र संयोजक नियुक्त किया गया है।संगठन ने यह जिम्मेदारी उनकी सक्रियता, संगठनात्मक कौशल और लंबे समय से समाज के प्रति किए गए योगदान को देखते हुए सौंपी है। इस अवसर पर ललित त्यागी ने कहा कि ₹जिलाध्यक्ष भाजपा चैनपाल सिंह ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाऊँगा। स्नातक मतदाताओं तक पहुँचकर उनकी वोट बनवाना और उन्हें जागरूक करना मेरी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी।₹ इस नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने उन्हें बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# शिक्षक दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आईटीएस कॉलेज, गाजियाबाद में शिक्षक दिवस समारोह बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। यह विशेष अवसर भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षकों के अमूल्य योगदान को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन श्री अर्पित चड्ढा रहे। इस अवसर पर अर्पित चड्ढा ने कहा कि शिक्षक केवल क्लीनिकल और एकेडमिक गतिविधियों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए मनोरंजनात्मक कार्यक्रमों का भी आयोजन करते हैं, जिससे वे जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में आई.टी.एस डेंटल कॉलेज के डायरेक्टर-प्रिंसिपल डॉ. देवी चरण शेट्टी, आई.टी.एस इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेज के प्रिंसिपल डॉ. एम. थंगराज, तथा आई.टी.एस कॉलेज ऑफ फामेर्सी के निदेशक डॉ. एस. सदीश कुमार सहित सभी विभागों के एचओडी, अध्यापकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। छात्रों ने शिक्षकों के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिनमें ग्रुप डांस, सोलो डांस, गायन, फैशन शो, रंगोली आदि शामिल थे। छात्रों ने अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। समारोह के अंत में विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कॉलेज मैनेजमेंट एवं विद्यार्थियों ने सभी फैकल्टी सदस्यों को भी सम्मानित किया।

# किडजी मोदीनगर के नन्हें विद्यार्थियों ने किया डाकघर का शैक्षणिक भ्रमण

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ)।** किडजी स्कूल मोदीनगर के नन्हें विद्यार्थियों ने हाल ही में स्थानीय डाकघर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने न केवल डाकघर की कार्यप्रणाली को निकट से देखा बल्कि डाक विभाग की महत्त्वपूर्ण सेवाओं के बारे में भी ज्ञान प्राप्त किया। शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों को बताया गया कि पत्र किस प्रकार भेजे जाते हैं, डाक टिकट का प्रयोग क्यों आवश्यक होता है और डाकिये की भूमिका कितनी महत्त्वपूर्ण होती है। साथ ही विद्यार्थियों ने यह भी जाना कि किस प्रकार पत्रों को छांटा जाता है तथा रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट और पार्सल जैसी सेवाओं की प्रक्रिया पूरी की जाती है। डाकघर के अधिकारियों ने बच्चों का स्वागत करते हुए सरल भाषा में उनके सभी प्रश्नों का उत्तर दिया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक अनमोल बंसल ने इस अवसर पर कहा कि बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ वास्तविक जीवन से जुड़े अनुभव भी मिलने चाहिए। डाकघर जैसी संस्थाओं के कार्यों को प्रत्यक्ष रूप से देखने से बच्चों में न केवल जिज्ञासा बढ़ती है बल्कि वे समाज की आवश्यक सेवाओं को समझना भी सीखते हैं।ॢविद्यालय की प्राचार्या ने भी बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों का व्यावहारिक ज्ञान बढ़ता है और वे व्यवहारिक शिक्षा से समृद्ध होते हैं। किडजी मोदीनगर सदैव विद्यार्थियों को ऐसी गतिविधियों के माध्यम से जीवनोपयोगी ज्ञान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।



# शिक्षक दिवस पर किडजी स्कूल की शिक्षिकाओं का सम्मान

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर एहसास महिला समिति ने किडजी स्कूल, जाकर वंहा की सभी शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। एहसास समिति द्वारा हर वर्ष आयोजित किए जाने वाले इस सम्मान समारोह को इस बार विशेष रूप से किडजी स्कूल की शिक्षिकाओं को समर्पित किया गया। समिति की अध्यक्षा श्रीमती गुरमीत गुप्ता ने शिक्षिकाओं को सम्मानित करते हुए कहा कि ॢशिक्षक समाज के मार्गदर्शन करने वाले दीपस्तंभ हैं, उनका योगदान अमूल्य है।ॢ इस अवसर पर सभी शिक्षिकाओं को सम्मान प्रतीक दुपट्टा पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। एहसास संस्था की संस्थापक श्रीमति अनुप्रीत कौर नें अपनें संबोधन में कहा एहसास महिला समिति का उद्देश्य समाज में शिक्षा और शिक्षकों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देना रहा है। किडजी स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टरअनमोल बंसल एवं प्रिंसिपल सुश्री तारिका माटा ने एहसास महिला समिति का धन्यवाद किया और शिक्षकों के सम्मान को बढ़ावा देने की इस पहल की मुक्त कंठ से सराहना की। इस गरिमामयी अवसर पर समिति की पदाधिकारी मेघा तायल, इंदु गुप्ता, डॉ. अर्चना त्यागी, आंचल खुराना, पूनम ओझा, निर्मल जी, अपेक्षा जैन तथा आदिल उपस्थित रहे और शिक्षिकाओं को सम्मानित करने में योगदान दिया।



# टीआरएम पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ)।** तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। यह दिवस महान दार्शनिक, विद्वान एवं भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी ने डॉक्टर राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक-अध्यापिकाओं ने विविध सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें कविताएँ, गीत शामिल थे। इन प्रस्तुतियों में गुरु के महत्व और शिक्षा की गरिमा का संदेश झलक रहा था। विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी,गौरव माहेश्वरी एवं श्रीमती राधिका माहेश्वरी ने अपने संदेश में शिक्षकों को उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं दीं और उनके अथक परिश्रम एवं योगदान की सराहना की। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी ने सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं तथा उन्हें समाज निर्माण में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते रहने के लिए प्रेरित किया।




# लांयस क्लब मोदीनगर राईजिंग स्टार ने शहर के वरिष्ठ शिक्षकों को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ)।** शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य मे लायंस क्लब राईजिंग स्टार ने शहर के वरिष्ठ शिक्षकों टी. आर एम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती रजनी ओहरी, पी. बी. ए. एस कन्या विद्यालय की डा. संगीता शर्मा, के. एन. मोदी साइंस एंड कॉमर्स के डा. सतीश चंद्र अग्रवाल व दयावती मोदी पब्लिक स्कूल की श्रीमती पूजा शर्मा को शिक्षा के क्षेत्र मे उनके द्वारा किए उत्कृष्ट सेवा कार्यो हेतु सम्मानित किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन वर्षा गुप्ता,संरक्षिका लायन कविता नेहरा, सचिव लायन एकता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन कल्पना गुप्ता व लायन पूनम गर्ग उपस्थित रही। अध्यक्ष लायन वर्षा गुप्ता ने सर्वपल्ली राधाकृष्णा के जीवन पर प्रकाश डाला।



# सड़क सुरक्षा पर जागरूकता अभियान, हेलमेट-सीट बेल्ट से लेकर गुड समेरिटन योजना तक दी जानकारी

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति आमजन, खासकर विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत विभिन्न स्कूल-कॉलेजों में जाकर करीब तीन हजार विद्यार्थियों व स्टाफ को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई और उन्हें सुरक्षित यातायात का संदेश दिया गया। एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने बताया कि यह अभियान एसडी इंटर कॉलेज, विद्या बाल भवन, फातिमा इंटर कॉलेज, रेयान इंटरनेशनल स्कूल, सरदार पटेल पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल, नेशनल पब्लिक स्कूल सहित कई शैक्षणिक संस्थानों में चलाया गया। इन जगहों पर जोन के एसीपी ट्रैफिक, टीआई और टीएसआई ने मौजूद रहकर विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया। जागरूकता कार्यक्रम में छात्रों को सड़क पार करने के दौरान सावधानी बरतने, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करने, तेज रफ्तार एवं लापरवाह ड्राइविंग से बचने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी गई। इसके अलावा विद्यार्थियों को गुड समेरिटन योजना के बारे में भी बताया गया। योजना के अंतर्गत यदि कोई सज्जन नागरिक सड़क दुर्घटना में घायल की मदद करता है तो शासन द्वारा उसे 25 हजार रुपये तक पुरस्कार प्रदान किया जाता है। एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने कहा कि इस अभियान का मकसद भविष्य के जिम्मेदार नागरिकों को तैयार करना है। जागरूक विद्यार्थी न केवल खुद यातायात नियमों का पालन करेंगे बल्कि समाज में भी सुरक्षा के संदेशवाहक बनेंगे। इस पहल से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए जिला प्रशासन की बड़ी पहल

**वेलकम इंडिया**




**गाजियाबाद।** हरियाणा के हथिनी कुंड (लाजेवाला) बैराज से छोड़े गए पानी के कारण यमुना नदी का जलस्तर बढे से लोनी क्षेत्र के कई गांव प्रभावित हुए हैं।

इस आपदा के बीच जिला प्रशासन ने राहत और बचाव कार्यों में तेजी दिखाई है। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) श्री सौरभ भट्ट, संयुक्त मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी लोनी श्री दीपक सिंघनवाल तथा तहसीलदार लोनी डॉ. अरुण कुमार अग्रवाल ने स्वयं प्रभावित गांवों का निरीक्षण कर पीड़ित परिवारों से संवाद किया और उन्हें हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। एडीएम सौरभ भट्ट ने बताया कि लोनी तहसील के बदरपुर, मीरपुर हिन्दू, पचायरा, इलायचीपुर, लुत्फुल्लापुर नवादा और अल्लीपुर गांवों से सुरक्षित स्थानों पर निकाले गए लगभग 250 बाढ़ प्रभावितों के लिए राहत शिविर स्थापित किए गए हैं। यहाँ दिन में तीन बार भोजन पैकेट वितरित किए जा रहे हैं। सभी प्रभावित परिवारों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। बच्चों और बुजुर्गों को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में दूध का भी वितरण किया जा रहा है। प्रशासन के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग ने भी मोर्चा संभाल रखा है। राहत शिविर के पास चिकित्सा विभाग ने अपना विशेष कैम्प लगाया है, जहाँ लोगों को क्लोरीन, जिंक, पैरासिटामोल और अन्य आवश्यक दवाइयाँ दी जा रही हैं। इसके अतिरिक्त ओआरएस पैकेट भी लगातार वितरित हो रहे हैं ताकि कोई भी बच्चा या व्यक्ति बीमार न पड़े। संभावित आकस्मिकता को देखते हुए मौके पर ही एम्बुलेंस की 24 घंटे उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जिला प्रशासन ने न सिर्फ इंसानों की जरूरतों का ध्यान रखा है बल्कि प्रभावित परिवारों के मवेशियों के लिए भी पर्याप्त मात्रा में चारे (वारे) की व्यवस्था की गई है। यमुना नदी का जलस्तर पहले की तुलना में घटकर अब 211.40 मीटर पर आ गया है।

# नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी अब सस्ता होगा जीना, महंगा होगा नुकसानदेह सामान

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** भारत की कर प्रणाली में बड़ा बदलाव करते हुए केंद्र सरकार ने 56वीं जीएसटी काउंसिल बैठक में ऐतिहासिक फैसला लिया है। अब जीएसटी के तहत केवल दो मुख्य दरें लागू होंगी 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत। सबसे अहम बात यह है कि रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं पूरी तरह टैक्स मुक्त होंगी, जबकि हानिकारक और लक्जरी वस्तुओं पर 40 प्रतिशत तक कर लगाया जाएगा। यह सुधार 22 सितम्बर 2025, नवरात्रि के शुभ अवसर से लागू किया जाएगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी, ओबीसी मोर्चा भाजपा मंत्री प्रतिनिधि डॉ. सौरभ जायसवाल ने इस फैसले को स्वतंत्र भारत के सबसे बड़े कर सुधारों में से एक करार दिया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल आम जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाएगा बल्कि उद्योग और व्यापार जगत को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उनके अनुसार यह सुधार वास्तविक रूप से जनता का टैक्स सुधार, जनता के लिए टैक्स सुधार₹ है, जो गरीब से गरीब परिवार तक सीधी राहत पहुंचाएगा। डॉ. जायसवाल ने बताया कि अब पनीर, दूध, रोटी, जीवन बीमा और दवाइयाँ पूरी तरह जीएसटी मुक्त हो गई हैं। इसका सीधा असर हर परिवार की जेब पर पड़ेगा क्योंकि जिन वस्तुओं का रोजाना उपभोग होता है, वे बिना टैक्स के उपलब्ध होंगी। इससे न केवल महंगाई का दबाव कम होगा बल्कि गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को अधिक बचत का अवसर मिलेगा। साथ ही टीवी, एसी और वॉशिंग मशीन जैसे घरेलू उपकरण भी आठ से नौ प्रतिशत तक सस्ते हो जाएंगे।



उन्होंने कहा कि इस फैसले से आम आदमी के घर का बजट सुधरेगा और लोगों की क्रयशक्ति में वृद्धि होगी। उपभोग बढ़ेगा और बाजार में नई तेजी आएगी। यह कदम देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। सरकार के इस बड़े कदम से निर्माण क्षेत्र को भी बड़ी राहत दी गई है। सीमेंट पर कर घटाने का सीधा असर घर बनाने की लागत पर पड़ेगा। इससे आवास और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर को मजबूती मिलेगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। डॉ. जायसवाल का कहना है कि यह सुधार भारत को न केवल आत्मनिर्भर बनाएगा बल्कि लाखों परिवारों के लिए अपने घर का सपना भी साकार करेगा। उन्होंने कहा कि जब निर्माण क्षेत्र में लागत घटेगी तो रोजगार भी बढ़ेगा और इससे युवाओं को नई संभावनाएं मिलेंगी। इस तरह यह सुधार एक साथ कई वर्गों को राहत देने वाला है। मोदी सरकार ने इस बार यह भी स्पष्ट कर दिया है कि जनता का स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता है। पान मसाला, सिगरेट और अन्य हानिकारक वस्तुओं पर 40 प्रतिशत टैक्स लगाकर यह संदेश दिया गया है कि सरकार अब स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं करेगी। डॉ. जायसवाल ने कहा कि यह फैसला समाज में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देगा और आने वाली पीढियों के लिए स्वस्थ भारत की राह खोलेगा।

डॉ. जायसवाल ने कहा कि यह सुधार उद्योग और व्यापार जगत के लिए भी मील का पत्थर साबित होगा। अब कर प्रणाली और अधिक सरल और पारदर्शी होगी, जिससे व्यापारी वर्ग को राहत मिलेगी और कारोबार करने में आसानी होगी।

# ईद-ए मिलाद उल नवीं के पर 250 वाडेर्नेस की ड्यूटियां




**वेलकम इंडिया**

आज ईद-ए मिलाद उल नवीं के अवसर पर नागरिक सुरक्षा के लगभग 250 वाडेर्नेस की ड्यूटियां शांति व्यवस्था एवम प्रशासन को सहयोग हेतु अपर जिलाधिकारी नगर मुरादाबाद द्वारा लगाई गईं थीं। शहर की विभिन्न क्षेत्रों में हमारे वार्डन पीली ड्रेस में ड्यूटी कर रहे हैं। जिसका नेतृत्व उपनियंत्रक नीरज चक, सहायक वरिष्ठ उपनियंत्रक (वरिष्ठ वेतन) सतीश कुमार कर रहे हैं।



# चंद्रग्रहण पर बंद रहेंगे दूधेश्वरनाथ मंदिर के कपाट

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष एवं जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने जानकारी दी कि रविवार 7 सितंबर को लगने वाला चंद्रग्रहण भारत में भी दिखाई देगा। ग्रहण के कारण गाजियाबाद स्थित सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ महादेव मठ मंदिर के कपाट रविवार को दोपहर 12 बजे से बंद हो जाएंगे और सोमवार 8 सितंबर को प्रातः 4 बजे आरती के बाद दोबारा भक्तों के लिए खोले जाएंगे। श्रीमहंत ने बताया कि यह चंद्रग्रहण रविवार रात 9 बजकर 58 मिनट से शुरू होकर सोमवार तड़के 1 बजकर 26 मिनट पर समाप्त होगा। धार्मिक परंपरा के अनुसार ग्रहण का सूतक 9 घंटे पहले ही प्रारंभ हो जाता है। इसी कारण रविवार को दोपहर 12 बजकर 56 मिनट से सूतक शुरू हो जाएगा। इससे पहले मंदिर में आरती और भोग संपन्न कर कपाट बंद कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मंदिर के सभी साधु-संत, आचार्य एवं श्री दूधेश्वर वेद विद्या संस्थान के विद्यार्थी रविवार दोपहर 12 बजे से रात 12 बजे तक अखंड जाप करेंगे। यह जाप लगातार 12 घंटे तक चलेगा। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने स्पष्ट किया कि ग्रहण काल में पूजा-पाठ व नई धार्मिक क्रियाएं नहीं करनी चाहिए, केवल इष्टदेव का नाम-जप करना ही शुभ माना जाता है। उन्होंने कहा कि ग्रहण के दौरान वातावरण दूषित रहता है और कुशा के प्रयोग से दोष दूर होता है, इसलिए इस काल में कुशा का विशेष महत्व है। चंद्रग्रहण समाप्ति के बाद मंदिर की शुद्धि की जाएगी, देवी-देवताओं के वस्त्र बदले जाएंगे और आरती-भोग अर्पित कर सोमवार तड़के 4 बजे से कपाट भक्तों के लिए खोल दिए जाएंगे।

# गजप्रस्थ के लिए संकल्पबद्ध होकर मनाया गया शिक्षक दिवस



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** शिक्षक दिवस के अवसर पर नंदग्राम स्थित राज पब्लिक स्कूल गजप्रस्थ में रसम (राष्ट्रीय सामाजिक मंच) द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह समारोह लगातार दो दशक से अधिक समय से अनवरत आयोजित किया जा रहा है और इस बार भी इसे विशेष रूप से गजप्रस्थ के पुनः नामकरण के संकल्प के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी और व्यापारी नेता पंडित अशोक भारतीय ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में रेलवे बोर्ड सदस्य एवं राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता मौजूद रहे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि बालकिशन गुप्ता ने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि जिस प्रकार बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार और सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जा रहा है, वह अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण और समाज में योगदान देने की क्षमता विकसित करना ही असली शिक्षा है। अध्यक्षीय संबोधन में पंडित अशोक भारतीय ने गुरु-शिष्य परंपरा को रेखांकित करते हुए कहा गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए। उन्होंने शिक्षकों को राष्ट्रनिमार्ता बताते हुए उन्हें समाज की आत्मा और दिशा देने वाला मार्गदर्शक करार दिया। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से एक अनोखी पहल भी की गई।

# गौतम पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस एवं ईद-ए-मिलादुन्नबी धूमधाम से मनाया गया



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** गौतम पब्लिक सी. सै. स्कूल, पी. ब्लॉक प्रताप विहार में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के डायरेक्टर आशीष गौतम ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने डांस, म्यूजिक, ड्रामा, मिमिक्री सहित अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसने उपस्थित सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्या पूनम गौतम ने शिक्षक दिवस और ईद-ए-मिलादुन्नबी की बधाई देते हुए कहा कि यह दिन भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि बदलते दौर में शिक्षक और विद्यार्थियों के रिश्तों में मधुरता बनाए रखना बेहद आवश्यक है। शिक्षक दिवस गुरु और शिष्य के बीच बने रिश्ते को मजबूत करने और उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है। इस वर्ष का थीम आधुनिक पीढ़ी को प्रेरित करनाह्व रखा गया। प्राचार्या ने कहा कि शिक्षक न केवल शिक्षा देते हैं, बल्कि विद्यार्थियों को अपनी रुचियों का पालन करने, रचनात्मकता विकसित करने और आत्मविश्वासी बनने के लिए भी प्रेरित करते हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति में शिक्षक को भगवान के समान बताया और कहा कि ह्नहमें डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के दिखाए मार्ग पर चलकर आदर्श शिक्षक बनने का संकल्प लेना चाहिए।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग लेकर कलेक्ट्रेट पर दिया धरना

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** शिक्षक दिवस का दिन शुक्रवार को जब देशभर में गुरुजनों के सम्मान और आदर्शों को याद किया जा रहा था, उसी दिन गाजियाबाद में शिक्षक और कर्मचारी सरकार से अपने अधिकार की मांग के लिए उपवास पर बैठे। पुरानी पेंशन बहाली के लिए चल रहे आंदोलन को नई धार देने हेतु नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस/अटेवा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आह्वान पर प्रदेशभर में शिक्षकों और कर्मचारियों ने एक दिन का उपवास रखा। इसी क्रम में अटेवा गाजियाबाद इकाई ने जिला मुख्यालय पर उपवास कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। शिक्षक दिवस के अवसर पर इस प्रतीकात्मक शुरूआत ने माहौल को और भावुक बना दिया। सम्मान और आभार का यह दिन गाजियाबाद में अधिकार और संघर्ष की आवाज में तब्दील हो गया। इस उपवास कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अटेवा जिलाध्यक्ष मनीष शर्मा ने अपने संबोधन में सरकार पर सीधा सवाल दागा। उन्होंने कहा कि यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि शिक्षक दिवस जैसे दिन पर भी शिक्षकों को अपना अधिकार पाने के लिए भूखा रहना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन सिर्फ एक सुविधा नहीं, बल्कि कर्मचारियों की बुढ़ापे की गारंटी है। अगर सरकार अपने ही कर्मचारियों की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकती, तो यह सवाल सरकार की संवेदनशीलता पर बड़ा धब्बा है। मनीष शर्मा ने मंच से कहा कि



शिक्षक और कर्मचारी समाज की रीढ़ हैं। वे बच्चों को शिक्षा देकर देश का भविष्य गढ़ते हैं। लेकिन जब वही शिक्षक और कर्मचारी खुद अपने भविष्य को लेकर असुरक्षित हों तो यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सरकार तुरंत पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करे, वरना यह आंदोलन और बड़ा और उग्र रूप लेगा। गाजियाबाद के जिला मुख्यालय पर हुए इस उपवास कार्यक्रम में जिलेभर से सैकड़ों शिक्षक और कर्मचारी शामिल हुए। सभी ने सामूहिक अवकाश लेकर आंदोलन में भागीदारी की। उनकी एकजुटता ने सरकार को स्पष्ट संदेश दिया कि पुरानी पेंशन बहाली की मांग अब टाली नहीं जा सकती। शिक्षक और कर्मचारी हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर सरकार से अपनी आवाज बुलंद कर रहे थे। इस कार्यक्रम में अटेवा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और शिक्षक संगठन से जुड़े नेता मौजूद रहे। इनमें मंडल उपाध्यक्ष एस. पी. सिंह, महामंत्री रामशेष वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित त्यागी, महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री श्रीमती मीनू शर्मा, जिला संरक्षक प्रमोद बंसल, संतोष यादव, ह0 प्रियंका, पारस गोस्वामी, अमिताभ, राजपाल यादव, संजय चौधरी, श्रीमती रिंको गुप्ता, महीपाल, राकेश, अनुराग यादव, दीपक चौवियान, सतेश कुमार, मो0 अब्बास और हिमांशु गुप्ता जैसे प्रमुख नाम शामिल रहे। उनकी मौजूदगी ने आंदोलन को और मजबूती दी और शिक्षकों में जोश भर दिया। शिक्षक दिवस को आमतौर पर सम्मान, आभार और कृतज्ञता के रूप में मनाया जाता है। लेकिन इस बार गाजियाबाद के शिक्षकों ने इसे संघर्ष का दिन बना दिया। माल्यार्पण और श्रद्धांजलि के बाद जब सैकड़ों शिक्षक और कर्मचारी उपवास पर बैठे तो यह स्पष्ट हो गया कि यह आंदोलन केवल पेंशन का नहीं, बल्कि सम्मान का भी है। उन्होंने कहा कि अब यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल नहीं किया जाता। अटेवा जिलाध्यक्ष मनीष शर्मा ने अपने बयान में साफ कहा कि यह सिर्फ शुरूआत है। अगर सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन की धार और तेज होगी। उन्होंने कहा कि अभी शिक्षक और कर्मचारी शांतिपूर्वक उपवास कर रहे हैं, लेकिन भविष्य में उन्हें सड़कों पर उतरने और कड़े कदम उठाने पर भी मजबूर होना पड़ सकता है। गाजियाबाद में शिक्षक दिवस पर आयोजित यह उपवास कार्यक्रम न केवल जिले में बल्कि प्रदेश और देशभर में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को और अधिक प्रखर बना गया है।